डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

साप्ताहिक समाचार पत्र | प्रकाशित, भोपाल | 11.12.2023 - 17.12.2023 | वर्ष-40 | अंक-50 | मूल्य ₹ 10.00

मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 **मतगणना के उपरांत 163 सीटें जीतने वाली भारतीय जनता पार्टी को मिला पूर्ण बहुमत**

विधानसभा चुनाव के विजेता और उप-विजेताओं की सूची

भोपाल, विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये 3 दिसम्बर को हुई मतगणना के अंतिम परिणाम घोषित हो चुके हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि सभी 230 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिये हुई मतगणना में भारतीय जनता पार्टी के 163 उम्मीदवारों, इंडियन नेशनल कांग्रेस के 66 उम्मीदवारों एवं भारत आदिवासी पार्टी के 1 उम्मीदवार को विजयी घोषित किया गया है।

230
कुल विधानसभा सीट

वर्ष 2023 विधानसभा चुनाव
कुल मतदान **77.15 प्रतिशत**

भारतीय जनता पार्टी - 48.55%
राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी - 40.40%

- 27 महिला प्रत्याशी विजेता
- 203 पुरुष प्रत्याशी विजेता
- 75.63% वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव का कुल मतदान
- 41.02% भारतीय जनता पार्टी को कुल मत प्रतिशत
- 40.89% राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी को कुल मत प्रतिशत

वि. सभा क्षेत्र	क्र.	विजयी पार्टी	विजयी उम्मीदवार	जीत का अंतर	उपविजेता पार्टी	निकटतम प्रतिद्वंद्वी
श्योपुर	1	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	बाबू जंडेल	11130	भारतीय जनता पार्टी	दुर्गालाल विजय (वकील सा.)
विजयपुर	2	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	रामनिवास रावत	18059	भारतीय जनता पार्टी	बाबू लाल मेवाड़ा
सबलगढ़	3	भारतीय जनता पार्टी	श्रीमती सरला विजेंद्र रावत	9805	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	बैजनाथ कुशवाह
जौरा	4	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	पंकज उपाध्याय	30281	भारतीय जनता पार्टी	सूबेदार सिंह सिकरवार रजौधा
सुमावली	5	भारतीय जनता पार्टी	ऐदल सिंह कंसाना	16008	बहुजन समाज पार्टी	कुलदीप सिंह सिकरवार
मुरैना	6	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	दिनेश गुर्जर	19871	भारतीय जनता पार्टी	रघुराज सिंह कंसाना
दिमनी	7	भारतीय जनता पार्टी	नरेंद्र सिंह तोमर	24461	बहुजन समाज पार्टी	बलवीर सिंह डंडौतिया
अम्बाह	8	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	देवेन्द्र रामनारायण सखवार	22627	भारतीय जनता पार्टी	कमलेश जाटव
अटेर	9	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	हेमंत सत्यदेव कटारे	20228	भारतीय जनता पार्टी	अरविंद भदौरिया
भिंड	10	भारतीय जनता पार्टी	नरेन्द्र सिंह कुशवाह	14146	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी
लहार	11	भारतीय जनता पार्टी	अंबरीष शर्मा "गुड्डू"	12397	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	डॉ. गोविंद सिंह
मेहगांव	12	भारतीय जनता पार्टी	राकेश शुक्ला	22010	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	राहुल सिंह भदौरिया
गोहद	13	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	केशव देसाई	607	भारतीय जनता पार्टी	लालसिंह आर्य
ग्वालियर ग्रामीण	14	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	साहब सिंह गुर्जर	3282	भारतीय जनता पार्टी	भारत सिंह कुशवाह
ग्वालियर	15	भारतीय जनता पार्टी	प्रद्युम्न सिंह तोमर	19140	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	सुनील शर्मा
ग्वालियर पूर्व	16	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	डॉ. सतीश सिकरवार	15353	भारतीय जनता पार्टी	माया सिंह (मामी जी)
ग्वालियर दक्षिण	17	भारतीय जनता पार्टी	नारायण सिंह कुशवाह	2536	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	प्रवीण पाठक
भितरवार	18	भारतीय जनता पार्टी	मोहन सिंह राठौर	22354	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	लाखन सिंह यादव
डबरा	19	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	सुरेश राजे	2267	भारतीय जनता पार्टी	इमरती देवी
सेवढ़ा	20	भारतीय जनता पार्टी	प्रदीप अग्रवाल	2558	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	घनश्याम सिंह
भांडेर	21	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	फूल सिंह बरैया	29438	भारतीय जनता पार्टी	घनश्याम पिरोनिया
दतिया	22	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	राजेन्द्र भारती	7742	भारतीय जनता पार्टी	डॉ. नरोत्तम मिश्रा
करेरा	23	भारतीय जनता पार्टी	खटीक रमेश प्रसाद	3103	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	प्रागीलाल जाटव
पोहरी	24	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	कैलाश कुशवाह	49481	भारतीय जनता पार्टी	सुरेश धाकड़ रांठखेड़ा
शिवपुरी	25	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	देवेन्द्र कुमार जैन 'पट्टे वाले'	43030	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	के.पी. सिंह 'कक्का जू'
पिछोर	26	भारतीय जनता पार्टी	प्रीतम लोधी	21882	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	अरविन्द सिंह लोधी
कोलारस	27	भारतीय जनता पार्टी	महेन्द्र रामसिंह यादव खटोरा	50973	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	बैजनाथ सिंह यादव दादा जी

शेष सूची पृष्ठ 8 पर...

नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन का कार्यक्रम जारी

भोपाल, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम जारी कर दिया गया। मतदान 5 जनवरी, 2024 को होगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने का कार्य 15 दिसम्बर, 2023 से शुरू होगा। नाम निर्देशन-पत्र 22 दिसम्बर तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की जांच 23 दिसम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। पंचायतों में मतदान 5 जनवरी, 2024 को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक और नगरीय निकायों में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना और परिणामों की घोषणा 9 जनवरी को होगी।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

संक्षिप्त खबर

आकांक्षी विकासखंड रैंकिंग में तिरला विकासखंड प्रथम

भोपाल, भारत सरकार के आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम की रैंकिंग में धार जिले के तिरला विकासखंड ने भारत के मध्य क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने विकासखंड की तिरला की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री जिम्मी बाहेती एवं संपूर्ण टीम को बधाई दी है। तिरला विकासखंड को 1.5 करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। भारत सरकार के आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत देश के 329 जिलों के 500 विकासखंडों को सम्मिलित किया गया है।

वन्यजीव पर्यटन के लिए 'सैंक्चुअरी एशिया अवॉर्ड'

भोपाल, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को टॉप टाइगर्स वाइल्ड लाइफ टूरिज्म अवॉर्ड्स में "सर्वश्रेष्ठ सतत वन्यजीव पर्यटन राज्य" (द बेस्ट सस्टेनेबल वाइल्डलाइफ टूरिज्म स्टेट) के लिए सैंक्चुअरी एशिया अवॉर्ड से नई दिल्ली में सम्मानित किया गया है। मध्यप्रदेश को भारतीय उपमहाद्वीप में प्रकृति, पर्यटन, उद्योग, सतत प्रथाओं और रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि, मध्यप्रदेश देश का टाइगर स्टेट है और दुनिया से टाइगर्स को देखने के लिए पर्यटक यहां के राष्ट्रीय उद्यानों में पहुंचते हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पहुंची मध्यप्रदेश

देश में हुए विकास से पात्र हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

भोपाल, केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश में हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिये मध्यप्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगमन हुआ। यह यात्रा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में से गुजरेगी और केन्द्रीय योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करवायेगी।

ग्रामीण विकास विभाग की यात्रा में अहम भूमिका

मध्यप्रदेश में कृषि और ग्रामीण विकास विभाग की यात्रा में अहम भूमिका रहेगी। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ मिलकर लगातार प्रयास कर रही है कि केन्द्रीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को मिले। ग्राम स्वराज अभियान, विस्तारित ग्राम स्वराज अभियान, प्रमुख योजनाओं का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के लिए संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

मोबाइल वेन से होगा प्रचार-प्रसार

शहरी क्षेत्रों में मोबाइल वेन उन 13 हजार 848 स्थानों पर जायेगी, जहां दस हजार से ज्यादा जनसंख्या है। मोबाइल वेन एलईडी स्क्रीन, ऑडियो विजुअल सामग्री ब्रोशर, बुकलेट से सज्जित है।

यात्रा का प्रमुख उद्देश्य

- क्षेत्र प्रचार की गतिविधियों से आम नागरिकों में योजनाओं के प्रति जागरूकता लाना है।
- सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं की पहुंच बनाना जो किन्हीं कारणों से इन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गये हैं।
- केन्द्र की योजनाओं के संबंध में जानकारी का प्रसार करना।
- नागरिकों और लाभार्थियों से योजनाओं के संबंध में उनके अनुभव जानना।

ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रा का उद्देश्य

ग्रामीण इलाकों के लिये प्रमुख योजनाओं में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामित्व, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम योजना, नैनो फर्टिलाइजर शामिल हैं। साथ ही जनजातीय परिवारों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में सिकल सेल एनीमिया निवारण मिशन, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश, स्कॉलरशिप, वन अधिकार, वन-धन विकास केन्द्र शामिल हैं।

शहरी क्षेत्रों में यात्रा का उद्देश्य

शहरी क्षेत्रों में यात्रा के दौरान शहरी योजनाओं में प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसपोर्टेशन-अमृत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, खेलो इंडिया, उड़ान, वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत स्टेशन जैसी योजनाओं सहित अन्य लाभकारी योजनाएं भी शामिल हैं। इस यात्रा का उद्देश्य प्रदेश के उन अंतिम पंक्ति के हितग्राहियों को लाभ पहुंचाना है जो शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से बच गए थे। यह यात्रा जिले के प्रमुख स्थानों एवं ग्रामीण अंचलों तक पहुंचेगी।

69 जिलों से गुजरेगी यात्रा

विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियां उन सभी 69 जिलों और अन्य जिलों से भी गुजरेगी जहां जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। ग्राम पंचायतों के स्तर पर भी जन-जागरूकता की गतिविधियां संचालित की जाएंगी जिसमें जागरूकता, सामुदायिक, सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल हैं। इसके अलावा सूचना-शिक्षा-संचार वेन, आईटी प्लेटफार्म और मोबाइल एप्लीकेशन भी उपयोग में लायेंगे। राज्य सरकार, जिला, ग्राम पंचायत और स्थानीय शासन की समिति और केन्द्र सरकार के संगठन और संस्थाओं से प्लानिंग, समन्वय और निगरानी की जायेगी।

2 दिसम्बर

भारत को एक बुलंद आवाज के रूप में देखती है दुनिया

● उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने कहा कि राजकोषीय लाभ के लिए आर्थिक राष्ट्रवाद से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम इस प्रबुद्ध विचार को अपनाएंगे तो हमारी अर्थव्यवस्था को भारी उछाल मिलेगा। आज पूरी दुनिया वैश्विक मामलों पर भारत को एक बुलंद आवाज के रूप में देखती है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन की चुनौती को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक संसाधनों के अधिकतम उपयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी की राजकोषीय ताकत को पानी, पेट्रोलियम, बिजली जैसे संसाधनों के उपयोग का निर्धारण नहीं करना चाहिए। महात्मा गांधी का उद्धरण देते हुए उन्होंने याद दिलाया कि पृथ्वी पर हर किसी की जरूरत के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, लेकिन हर किसी के लालच के लिए नहीं।

3 दिसम्बर

राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता का शुभारंभ

● पर्यटन मंत्रालय ने राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता 2024 और राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण होमस्टे प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ किया है। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से सरकारों, उद्योग हितधारकों, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और स्थानीय समुदायों को सक्रिय रूप से कार्यबद्ध किया गया है। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य ग्रामीण पर्यटन में उत्कृष्ट योगदान की पहचान करने और उन्हें पुरस्कृत करने के लिए ग्रामों और ग्रामीण होमस्टे के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को विकसित करना है। इससे समुदायों और व्यक्तियों को सतत विकास लक्ष्यों में सक्रिय योगदान के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा।

● आईएनएस कदमत्त ने ऑपरेशनल टर्नअराउंड (ओटीआर) के लिए जापान के योकोसुका में प्रवेश किया। आईएनएस कदमत्त की जापान यात्रा और जेएमएसडीएफ के साथ बातचीत का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र के बारे में दोनों देशों के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत एवं जापान के बीच समुद्री सहयोग को और मजबूत करना है। आईएनएस कदमत्त स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एक पनडुब्बी रोधी लड़ाकू जलपोत है, जोकि अत्याधुनिक एएस हथियार सूट से सुसज्जित है।

4 दिसम्बर

रेलवे ने हासिल किया माल ढुलाई का लक्ष्य

● भारतीय रेलवे ने इस वर्ष अप्रैल से नवंबर तक एक हजार मीट्रिक टन से अधिक माल ढुलाई का लक्ष्य हासिल किया है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की ढुलाई की तुलना में लगभग 36 मीट्रिक टन से अधिक है। इस वर्ष अप्रैल से नवंबर तक रेलवे ने एक लाख 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 4 हजार करोड़ रुपये अधिक है। इस साल नवंबर के दौरान रेलवे ने कोयले में लगभग 65 मीट्रिक टन, लौह अयस्क में 14 मीट्रिक टन से अधिक, पिग आयरन और तैयार स्टील में लगभग 5 मीट्रिक टन और उर्वरक में लगभग 6 मीट्रिक टन की ढुलाई की है।

● श्रीलंका में नवंबर माह में पर्यटकों की कुल संख्या में भारत का योगदान लगभग 20 प्रतिशत रहा, जबकि इस महीने कुल पर्यटकों की संख्या डेढ़ लाख से अधिक हो गयी। इस वर्ष 2023 के शुरुआती 11 महीनों में पर्यटकों की कुल संख्या 12 लाख 70 हजार रही। नवंबर माह तक कुल 2 लाख 58 हजार से अधिक भारतीय श्रीलंका का दौरा कर चुके हैं। श्रीलंका के पर्यटन की अर्थव्यवस्था में विदेशी राजस्व स्रोत के रूप में भारत शीर्ष स्थान रखता है। पर्यटन को और बढ़ावा देने के लिए श्रीलंका ने पिछले महीने भारत और छह अन्य देशों के नागरिकों के लिए वीज़ा शुल्क माफ कर दिया था।

5 दिसम्बर

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की पहली बैठक संपन्न

● राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (एनटीडब्ल्यूबी) की पहली बैठक वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता श्री सुनील जे. सिंघी ने की। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ने व्यापारियों और उनके कर्मचारियों के कल्याण के लिए राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया था। व्यापार संगठनों, राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले केंद्र सरकार द्वारा नामित सभी गैर आधिकारिक सदस्य बोर्ड की बैठक में शामिल हुए। बैठक में भारत सरकार के नौ मंत्रालयों, विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाले पदेन सदस्यों ने भी भाग लिया। डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव श्री संजीव ने कहा कि बोर्ड की संरचना से इसका दायरा और ताकत पता चलती है, जिससे खुदरा क्षेत्र से संबंधित व्यापक मुद्दों का सार्थक तरीके से समाधान निकाला जा सके।

● राष्ट्रीय अभिलेखागार (एनएआई) की विरासत इमारत में पुस्तक मेले और राष्ट्रीय अभिलेखागार के प्रकाशनों की विशिष्ट प्रदर्शनी-सह-बिक्री का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन का उद्घाटन करते हुए अभिलेख महानिदेशक श्री अरुण सिंघल ने बच्चों में किताबें पढ़ने की आदत विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस पुस्तक मेले में अनेक प्रमुख प्रकाशक और पुस्तक वितरक अपने नवीनतम प्रकाशनों को प्रदर्शित कर रहे हैं। पुस्तक मेले के साथ ही साथ एनएआई ने राष्ट्रीय अभिलेखागार के प्रकाशनों की एक विशिष्ट प्रदर्शनी-सह-बिक्री भी आरंभ की है, जो 15 दिसम्बर 2023 तक चलेगी।

6 दिसम्बर

घाना में संयुक्त राष्ट्र शांति-स्थापना मंत्रिस्तरीय बैठक आयोजित

● केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री श्री अजय भट्ट ने अकरा, घाना में संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लिया। अपने संबोधन में उन्होंने वर्तमान परिवेश में शांति रक्षकों के सामने आने वाली चुनौतियां और शांति शिक्षा में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति-स्थापना अभियानों का समर्थन करने के लिए भारत की ओर से भरोसा भी दिलाया। भारत संयुक्त राष्ट्र के शांति प्रयासों में सैन्य योगदान देने वाला अग्रणी देश रहा है। पिछले सात दशकों में, भारत ने 53 विभिन्न अभियानों में 2,75,000 से अधिक सैनिकों का योगदान दिया है।

● अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष प्रोफेसर टी.जी. सीताराम ने शैक्षणिक वर्ष 2024-2027 के लिए एआईसीटीई अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका लॉन्च की। इस दौरान उन्होंने बताया कि यह पुस्तिका उन प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताती है, जिनका तकनीकी और प्रबंधन कार्यक्रम/पाठ्यक्रम चलाने के लिए परिषद से अनुमोदन लेते समय पालन करना होता है। प्रोफेसर सीताराम ने उन संशोधनों और प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला, जिन्हें अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि पहली बार एआईसीटीई ने विभिन्न हितग्राहियों और विशेषज्ञों से राय और सुझाव या प्रतिक्रिया लेने के लिए नए एपीएच का मसौदा सार्वजनिक डोमेन में शेयर किया।

7 दिसम्बर

केंद्र सरकार ने राज्य आपदा राहत कोष की दूसरी किस्त जारी की

● केन्द्र सरकार ने चक्रवात प्रभावित राज्यों को राज्य आपदा राहत कोष की दूसरी किस्त जारी की। आंध्रप्रदेश को लगभग पांच सौ करोड़ रुपये और तमिलनाडु को साढ़े चार सौ करोड़ रुपये जारी किए गए। इस राशि से राज्य सरकारों को चक्रवाती तूफान के कारण हुए नुकसान की पूर्ति करने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने पहले ही दोनों राज्यों को उपरोक्त राशि की पहली किस्त जारी कर दी थी। शहरी बाढ़ प्रबंधन प्रयासों में यह पहली श्रृंखला है जो शहरी बाढ़ प्रबंधन ढांचे के विस्तार को विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी।

● पेरू के पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फुजीमोरी को 16 वर्ष के कारावास के बाद रिहा कर दिया गया। मानवीय आधार पर लीमा की बारबादिलो जेल से उन्हें रिहा किया गया है। 1990 से 2000 के दौरान मानवाधिकार हनन के आरोप में उन्हें 25 वर्ष जेल की सजा सुनाई गई थी। फुजीमोरी को 1991 और 1992 में 25 लोगों की हत्या के सिलसिले में 2009 में सजा सुनाई गई थी, लेकिन दिसम्बर 2017 में पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो पाब्लो कुक्जिनस्की ने उन्हें माफी दे दी थी। इसके बाद 2018 में मानवाधिकार अदालत के दबाव में इस क्षमादान को पलट दिया गया था और फुजीमोरी को जेल भेज दिया गया था।

8 दिसम्बर

नवंबर में अब तक का सबसे अधिक कोयला डिस्पैच

● नवंबर 2023 के दौरान कैप्टिव/वाणिज्यिक कोयला खदानों से कोयला उत्पादन नवंबर 2022 के 8.74 मीट्रिक टन की तुलना में 37 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11.94 मिलियन टन (एमटी) पहुंच गया। वहीं, नवंबर 2023 के दौरान कैप्टिव/वाणिज्यिक कोयला खदानों से कोयला डिस्पैच पिछले वर्ष के 8.36 मीट्रिक टन की तुलना में 55 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12.92 मीट्रिक टन हुआ। नवंबर 2023 में ऐसी खदानों से औसत दैनिक कोयला डिस्पैच प्रतिदिन 4.3 लाख टन के साथ अब तक का सर्वाधिक है। 1 अप्रैल, 2023 से 30 नवंबर, 2023 के दौरान कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खदानों से कुल कोयला उत्पादन लगभग 83.90 मीट्रिक टन था, जबकि कुल कोयला डिस्पैच 89.67 मीट्रिक टन था, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि की तुलना में क्रमशः 24 प्रतिशत और 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

● वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहा है कि देश में आर्थिक हालात बेहतर हैं और अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्र महत्वपूर्ण प्रगति कर रहे हैं। राज्यसभा में देश की आर्थिक स्थिति पर अल्पकालिक बहस का जवाब देते हुए श्रीमती सीतारमण ने कहा कि भारत विश्व में विनिर्माण के क्षेत्र में दूसरा सबसे बड़ा आकर्षण है। उन्होंने सदन में जवाब देते हुए उद्योग जगत में देश की उपलब्धियां भी गिनाईं। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रत्यक्ष कर वसूली में करीब 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि जीएसटी की मासिक वसूली एक लाख साठ हजार करोड़ रुपये पर स्थिर रही है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

TRANSNATIONAL KNOWLEDGE SOCIETY'S
SHIVAJIRAO KADAM GROUP OF INSTITUTIONS
SKILL, INNOVATION, TRANSFORMATION | An ISO 9001 : 2015 Certified Institute
Tilore Khurd, Near Ralamandal, Indore (M.P.), www.skitm.in
APPOINTMENT
SHIVAJIRAO KADAM INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT
NAAC Accredited Grade 'A'
Director (MBA) / Professor / Associate Professor / Assistant Professor / Lab Technician
For B.Tech (CSE / ME / EC / CE / ASH) & MCA
For MBA (HR / Finance / Marketing / IT / Production / Business Analytics)
Eligibility : As per UGC / AICTE / RGPV (Statue 30) / DAVV Norms (Code 28)
SHIVAJIRAO KADAM INSTITUTE OF PHARMACEUTICAL EDUCATION & RESEARCH
Professor / Associate Professor / Assistant Professor / Lab Technician
(Pharmacology / Pharmaceutical Chemistry / Pharmaceutics / Pharmacognosy / QA)
Eligibility : As per PCI / RGPV Norms (Statue 30)
COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES - ATC
Professor / Associate Professor / Assistant Professor (For BBA & B.Com)
(Commerce / Managment / Hindi / English / Computers)
Eligibility : As per UGC / AICTE / DAVV Norms (Code 28)
TRANSNATIONAL SCHOOL OF LAW (PROPOSED)
Principal / Professor / Associate Professor / Assistant Professor
For: BA LLB (Hons.) / BBA LLB (Hons.) / LLB (Hons.)
Eligibility : As per UGC / BCI / DAVV (Code 28 Norms)
ALSO LOOKING FOR
Visiting Faculty as per NEP / Registrar / Office Staff /
Marketing Executives / Librarian / TPO
Interested candidates may send applications with the latest CV to
The Principal at hr@skitm.in within 15 days and can contact on
Mob.: 9770 907 100, 9713 434 971
ANIL PUB.
R-49224/2023

M.B. KHALSA EDUCATION SOCIETY, INDORE
VACANCIES
Applications are invited for under College Code-28:
(Professor / Associate Professor / Assistant Professor)
M.B. Khalsa College : • Chemistry • Commerce • Computer Science • Physics • English • Hindi • Management • Office Assistant • Social & Digital Marketing Expert
M.B. Khalsa Institutions of Education :
• B.Ed. - (Perspectives in Education, Pedagogy Subjects & Performing Arts)
• M.Ed. - (Perspectives, Tool & Teacher Education)
M.B. Khalsa Law College : • Law • Political Science • Economics • History • Accounts • Finance • Management • English • Computer Lab Technician
Qualification & Experience as per NCTE/BCI/UGC Norms
Apply within Fifteen days with complete bio-data, testimonials and photo to the Office, M.B. Khalsa Education Society, Rajmohalla Square, Indore (M.P.)
E-mail: info@mbkhalsaeducationsociety.com, mbkhalsacollege_office@rediffmail.com, mbkhalsaedu@gmail.com, mbklaw2004@gmail.com
M.B.K.C.- 0731-4381461, M.B.I.O.E.- 0731-4090641, M.B.K.L.C. 0731-2382102
Sheetal
R-49223/2023

SKC LNCT GROUP OF COLLEGES, INDORE
APPLICATION INVITED
Applications are invited for the teaching & non - teaching (Teaching positions under College Code - 28 & UGC/ AICTE/ PCI norms)
Lakshmi Narain College of Professional Studies Indore (Under Code 28)
Principal / Professor / Assoc. Professor / Asst. Professor
Biotechnology, Microbiology, Pharmaceutical - Chemistry, Chemistry, Physics, Mathematics, Economics, History, Computer Application, Journalism and Mass Comm., Comp. Science, English, Hindi, French, Psychology, Commerce and Management
Lakshmi Narain College of Technology Indore
Professor / Assoc. Professor / Asst. Professor
MBA Dept. (Under College Code - 28) - Finance, Marketing, HR, IT, Business Analytics, Operations, General Management
Engineering - CS / IT / ME / AU / EX / EC / Physics / Chemistry / Maths / Communication Skill / Aptitude Trainer
Lakshmi Narain College of Technology & Science (RIT) Indore
Professor / Assoc. Professor / Asst. Professor
MBA Dept. (Under College Code - 28) - Finance, Marketing, HR, IT, Business Analytics, Operations, General Management
Engineering - CS / IT / ME / Civil / Physics / Chemistry / Maths / Communication Skill / Aptitude Trainer
Jagadguru Dattatray College of Pharmacy & Lakshmi Narain College of Pharmacy (RCP), Indore
Professor / Assoc. Professor / Asst. Professor
Pharmaceutics, Pharmacognosy, Pharma Chemistry , Pharmacology
Apply within 10 days to - HR Department
Candidates with higher qualification PhD & UGC Net may meet directly.
For Non Teaching
HR Manager, Administrative Officer, Sports Officer, PA to MD/Director, Accountants, Office Assistance, Network Admin, Exam Controller, Receptionists, Housekeeping Supervisor, Librarian, Lab Attendants, Welder, Fitter, Carpenter, Electricians, Plumbers, Bus Drivers, Peon, Gardner, Admission counselor, Admission Incharge, Marketing Head
SKC LNCT GROUP OF COLLEGES Education for Evolution
Bhawrasala, Rewati Range Behind Aurbindo Hospital Sanwer Road, Indore- 453 331 (M.P.)
+91 97524 10843
hr@lnctindore.com
Sarah
R-49215/2023

वर्ष 40, अंक 50 11.12.2023 से 17.12.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in
• प्रबंध संचालक - मनीष सिंह
• सम्पादक - रंजना चितले
• प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
• प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
• आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
• वेबसाइट - आत्माराम शर्मा
वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के परिणाम

मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम आ गये हैं। मतगणना का यह कार्य 3 दिसंबर को संपन्न हुआ। इसमें भारतीय जनता पार्टी को 163 और इंडियन नेशनल कांग्रेस को 66, अन्य को 1 सीट प्राप्त हुई। विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया 9 अक्टूबर को चुनाव कार्यक्रम के साथ शुरू हुई थी। मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को विगत 20 वर्षों में दो तिहाई बहुमत पहली बार नहीं मिला है। पिछले 20 वर्षों में हुए कुल पांच विधानसभा चुनावों में यह तीसरा अवसर है जब भारतीय जनता पार्टी ने दो तिहाई बहुमत प्राप्त किया। भाजपा वर्ष 2003 में 173 और 2013 में 165 सीटें लेकर बहुमत प्राप्त कर चुकी है। क्षेत्रवार मध्यप्रदेश को देखें तो इसे विंध्य, बुंदेलखंड, महाकौशल, मालवा, निमाड़, मध्यभारत और भोपाल क्षेत्र के रूप से मान सकते हैं। इन सभी क्षेत्रों में बहुमत हासिल करने वाले राजनैतिक दल ने प्रभावशाली जीत दर्ज की है। लोकतंत्र में चुनाव एक जरूरी प्रक्रिया है। इसमें कोई एक दल बहुमत प्राप्त कर सरकार बनाता है। दूसरा सबसे बड़ा दल मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में होता है। मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को संपन्न विधानसभा चुनाव में पूरे मध्यप्रदेश में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस बार प्रदेश में मतदान का प्रतिशत भी ऐतिहासिक रहा और रिकॉर्ड 77.15 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे अधिक रतलाम जिले के सैलाना में 90.10 प्रतिशत और सबसे कम अलीराजपुर जिले के जोबट में 54 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रदेश में अभी तक का यह सर्वाधिक मतदान है। विधानसभा निर्वाचन में प्रदेश में 64 हजार 523 मतदान केन्द्र बनाये गये थे। प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 60 लाख 60 हजार 925 है। इनमें 2 करोड़ 88 लाख 25 हजार 607 पुरुष मतदाता, 2 करोड़ 72 लाख 33 हजार 945 महिला मतदाता, 1373 अन्य मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। इनमें 34 विधानसभा क्षेत्र ऐसे रहे जिसमें पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का प्रतिशत अधिक रहा। इस बार विधानसभा चुनाव में प्रदेश में 2533 प्रत्याशियों ने भाग लिया। इसमें 2280 पुरुष प्रत्याशी, 252 महिला प्रत्याशी और एक थर्ड जेंडर प्रत्याशी शामिल है।

मध्यप्रदेश में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए विधानसभा चुनाव का श्रेय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में तैयार की गई कार्ययोजना को जाता है। जहां उन्होंने न सिर्फ चुनाव संपन्न करवाने बल्कि लोगों को मतदान के लिये आगे आने के लिये भी प्रोत्साहित किया। चुनावी प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों द्वारा अपने-अपने जिलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये किये गये नवाचारों, बेस्ट प्रेक्टिसेस, स्वीप गतिविधियों पर सराहनीय कार्य किया गया। मध्यप्रदेश का पूर्व में भी इतिहास रहा है कि यहां विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा का, चुनाव बहुत व्यवस्थित और शालीन तरीके से संपन्न होता रहा है। विधानसभा चुनाव के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में चुनाव कार्य से जुड़े सभी कर्मचारी-अधिकारी और प्रदेश की जनता का महत्वपूर्ण योगदान सराहनीय है।

बायोफ्लॉक तकनीक से मिला स्मार्ट फॉर्मिंग को बढ़ावा

आत्मनिर्भर भारत योजना के अंतर्गत खेती-किसानी से किसानों की आय दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में बायोफ्लॉक तकनीक ने मछली पालन करने वाले किसानों के लाभ का प्रतिशत कई गुना बढ़ा दिया है। इस तकनीक का लक्ष्य स्मार्ट फार्मिंग को बढ़ावा देना है, जिससे आशय कम खर्च में ज्यादा मुनाफा है। मछली पालन में स्मार्ट फार्मिंग की ऐसी ही एक तकनीक है जिसे टैंक विधि के नाम से भी जानते हैं। बायोफ्लॉक तकनीक मछली पालन की आधुनिक विधि है, जिसमें टैंकों के अंदर कम पानी में ज्यादा मछलियां पाली जा सकती हैं। इस तकनीक में छोटे टैंकों का इस्तेमाल किया जाता है, 24 फीट की लंबाई-चौड़ाई वाले ये टैंक सिर्फ पांच फीट गहरे होते हैं। इन टैंकों में 4 फीट तक पानी भरा जाता है। इस तकनीक में मछली के लिये सिर्फ 10 से 11 लीटर पानी की जरूरत पड़ती है जबकि साधारण तकनीक से तालाब में मछली पालने के लिये करीब 400 से 600 लीटर तक पानी की खपत हो जाती है। बायोफ्लॉक तकनीक तालाब तकनीक से कई गुना आसान और 40 प्रतिशत तक बचत करवाने वाली साबित हुई है।

यह तकनीक बायोफ्लॉक बैक्टीरिया की तरह ही काम करती है। इस तकनीक में मछली को प्राकृतिक भोजन नहीं मिल पाता, लेकिन मछलियों को पोषण से भरपूर दाना डाला जाता है। इस दाने का 75 प्रतिशत अपशिष्ट मछलियां बाहर छोड़ देती हैं, बायोफ्लॉक बैक्टीरिया इसी अपशिष्ट को प्रोटीन में बदल देता है। इस प्रोटीन का सेवन मछलियां दोबारा कर लेती हैं और पानी अपने आप ही साफ हो जाता है। इसके अलावा एक्वाकल्चर सिस्टम मौजूद होता है, जिसके तहत टैंकों में 24 घंटे पानी का बहाव बना रहता है और मछलियों को स्वस्थ वातावरण मिल जाता है जिससे उनमें बीमारियों की संभावना खत्म हो जाती है।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव परिणाम-2023 : एक विश्लेषण

मतदाताओं की जागरूकता और सक्रियता से मतदान प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ निर्वाचन संपन्न

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने दो तिहाई बहुमत प्राप्त करके ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस विजय में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की सक्रियता, राज्य सरकार द्वारा किये गये विकास कार्य, इनमें विशेषकर लाड़ली बहना योजना तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की छवि और उनके द्वारा भविष्य में किये जाने वाले विकास कार्यों की गारंटी को आधार माना जा रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य के अलग होने के बाद मध्यप्रदेश के वर्तमान स्वरूप में यह पांचवा विधानसभा चुनाव था। कुल 230 विधानसभा क्षेत्रों से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने 48.55 प्रतिशत वोट लेकर 163 सीटों पर जीत दर्ज की और प्रमुख विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 40.5 प्रतिशत वोटों के साथ 66 सीटें मिलीं। एक सीट अन्य को मिली। यदि इस परिणाम की वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव परिणाम से तुलना करें तो तब भारतीय जनता पार्टी को लगभग 41.02 प्रतिशत वोटों के साथ 109 सीटें तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 40.89 प्रतिशत वोटों के साथ 114 सीटें मिली थीं। जबकि अन्य के खाते में सात सीटें थीं। इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी को लगभग 7.53 प्रतिशत वोटों के लाभ के साथ 54 सीटों की बढ़त मिली और कांग्रेस को 48 सीटों का घाटा हुआ। वर्ष 2018 में इन दोनों प्रमुख प्रतिद्वंद्वी राजनैतिक दलों के अतिरिक्त विभिन्न दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों को लगभग 18 प्रतिशत वोट मिले थे, जिनमें बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी आदि सहित निर्दलीय प्रत्याशी शामिल थे। इस बार इस "अन्य पक्ष" को मिले वोटों में काफी गिरावट आई। इस प्रकार कुल मतदान का लगभग 89 प्रतिशत वोट इन दोनों राजनैतिक दलों के खाते में गया और अन्य सभी को लगभग ग्यारह प्रतिशत ही वोट मिल सका। अन्य राजनैतिक दलों को पिछले चुनाव में मिला वोट इस बार भाजपा की ओर ही झुका।

भारतीय जनता पार्टी को मिले इस मत प्रतिशत और ऐतिहासिक जीत के लिए सरकार द्वारा किये गये जन कल्याणकारी कार्य एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की सतत सक्रियता एवं युवाओं, महिलाओं और किसानों में उनकी लोकप्रियता को माना जा रहा है। वे युवाओं के बीच "मामाजी" के रूप में और महिलाओं के बीच "भाई" के रूप में जाने जाते हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में काम कर रही मध्यप्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल में जो विकास कार्य किये उनके अतिरिक्त अपने चुनाव घोषणा-पत्र में मध्यप्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र और वर्ग समूह के लिये भविष्य के विकास करने का संकल्प भी व्यक्त किया। भविष्य के इन आश्वासनों की पूर्ति की गारंटी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपनी विभिन्न सभाओं में व्यक्त की गई। जो इस दो तिहाई बहुमत की जीत का आधार बनी।

मध्यप्रदेश में भाजपा को यह दो तिहाई बहुमत पहली बार नहीं मिला। पिछले बीस सालों में हुए कुल पांच विधानसभा चुनावों में यह तीसरा अवसर है जब भाजपा ने दो तिहाई बहुमत प्राप्त किया। भाजपा वर्ष 2003 में 173 और 2013 में 165 सीटें लेकर भी दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर चुकी है। इस बार भी यह जीत मध्यप्रदेश के सभी अंचलों में एक समान रही। यदि समाज और जीवन शैली की दृष्टि से मध्यप्रदेश को देखें तो इसे विन्ध्य, बुन्देलखण्ड, महाकौशल, मालवा, निमाड़, मध्यभारत और भोपाल क्षेत्र के रूप से मान सकते हैं। भाजपा ने सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों में अपनी प्रभावशाली जीत दर्ज की। मध्यप्रदेश में अनुसूचित जनजाति के लिये 47 सीटें आरक्षित हैं। इनमें 24 और अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित 35 सीटों में से 26 सीटों पर विजय प्राप्त की। भाजपा को मिली यह सफलता मतदान के प्रतिशत की भांति अभूतपूर्व है। इसका अनुमान चुनाव प्रचार के दौरान मतदाता की चुप्पी से लग गया था। प्रचार की आक्रामकता और तीखेपन के बावजूद मतदाता में चुप्पी रही और मतदान का कीर्तिमान बना। इस बार 77.15 प्रतिशत मतदान हुआ जो अब तक हुए किसी भी चुनावों में सर्वाधिक है। न केवल वर्तमान मध्यप्रदेश में अपितु छत्तीसगढ़ के साथ मध्यप्रदेश में संयुक्त अस्तित्व के समय 1956 से अब तक किसी भी चुनाव में इतना अधिक मतदान नहीं हुआ। प्रचार के दौरान या मतदान के बाद के सर्वेक्षणों में जो लोग खुलकर किसी पार्टी के समर्थन या विरोध की बात कर रहे थे उनकी संख्या बहुत कम और सतही थी, जबकि सामान्य मतदाता ने खुलकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। मतदाता ने जो प्रतिक्रिया दी वह ईवीएम मशीन को ही दी। यही कारण है कि अधिकांश चुनाव समीक्षक ऐसे परिणाम की कल्पना नहीं कर पाये जो अब सामने आये हैं। इतिहास गवाह है जब भी मतदाता में चुप्पी होती है तब मतदान का प्रतिशत अपेक्षाकृत अधिक होता है और परिणाम निर्णायक। यही स्वरूप इस परिणाम में भी है। इस बार के मतदान में एक बात और विशिष्ट रही। नगरों में मतदान कम और ग्रामीण क्षेत्र में अधिक रहा था। यह उन विधानसभा क्षेत्रों में भी देखा गया जो आधे नगरीय और आधे ग्रामीण क्षेत्र हैं। यह माना जा रहा है कि इस निर्णायक परिणाम में ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता की भूमिका अपेक्षाकृत अधिक महत्वपूर्ण है।

भाजपा को मिली इस ऐतिहासिक जीत में महिला, युवा, किसान, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सभी वर्गों की भूमिका मानी जा है। विशेषकर महिलाओं की भूमिका अधिक है। इसका कारण महिलाओं के मतदान में हुई लगभग दो प्रतिशत की वृद्धि है। इसका श्रेय मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आरंभ की गईं अनेक महिला हितैषी योजनाओं को माना जा रहा है। विशेषकर लाड़ली बहना योजना न केवल पूरे चुनाव प्रचार में अपितु समाज जीवन की जन चर्चाओं में भी रही। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लागू की गई लाड़ली बहना योजना को ही एक प्रकार से गेमचेन्जर माना गया।

इस योजना के अंतर्गत हितग्राही महिला को पहले एक हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाता था, जो बढ़ा कर साढ़े बारह सौ रुपये प्रतिमाह कर दिया गया। इसके साथ यह आश्वासन भी दिया गया है कि यह राशि बढ़ाकर तीन हजार रुपये प्रतिमाह तक की जायेगी। मतदान के दिन दिखी महिलाओं की लंबी-लंबी कतारों का आधार भी इस लाड़ली बहना योजना को ही माना गया था। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी सरकार के विकास कार्यों की भूमिका भी मतदाता के मन में उनकी छवि को स्थाई करने में महत्वपूर्ण रही। श्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव प्रचार में रात दिन एक कर दिया था। उन्होंने कुल 165 से अधिक चुनावी सभाएं लीं। यह एक प्रकार से किसी भी मुख्यमंत्री द्वारा ली गई चुनावी सभाओं का एक कीर्तिमान है। उनके तूफानी प्रचार ने सरकार के काम और भविष्य की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाया इसकी झलक भी परिणाम में देखी जा रही है।

मध्यप्रदेश सरकार की प्रत्येक योजना जन प्रभावी थी। विकास कार्य भी क्षेत्र की आवश्यकतानुसार आरंभ किये गये थे। लाड़ली बहना योजना से पहले मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं के उत्थान की अनेक योजनाएं लागू की थीं। इनमें जननी सुरक्षा योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अतिरिक्त युवाओं को छात्रवृत्ति, स्वरोजगार को प्रोत्साहन, कृषि ऋण आदि में भी महिलाओं के लिये विशेष प्रावधान किये गये थे।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी सरकार द्वारा किये गये इन कार्यों के अतिरिक्त पार्टी संगठन की रणनीति भी पिछले चुनावों से बहुत अलग रही। संगठन ने इस चुनाव में दो बातों पर जोर दिया। एक तो सरकार के विकास कार्यों और दूसरा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व की साख की जनता के बीच स्थापना। "एम पी के मन में मोदी और मोदी के मन में एम पी" नारा दिया गया। इस नारे ने मतदाता को बहुत प्रभावित किया। इसके अतिरिक्त चुनाव संचालन की कमान भी केन्द्रीय नेतृत्व के हाथ में रही। केन्द्रीय नेताओं की सक्रियता से स्थानीय कार्यकर्ताओं की आंतरिक असहजता बाधा न बन सकी और सभी कार्यकर्ता आपस की बातों को छोड़कर पार्टी को प्रतिष्ठित करने में जुट गये। वरिष्ठ नेताओं और केन्द्रीय मंत्रियों ने भी न केवल कार्यकर्ताओं से अपितु समाज के विभिन्न वर्गों के प्रमुख और प्रबुद्धजनों से सतत बैठकें कीं। इन बैठकों और रणनीति से क्षेत्रीय मतदान केंद्र प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं से निरन्तर संपर्क में रहे। इसकी झलक मतदान के बढ़े हुए प्रतिशत में देखने को मिली और लाभ परिणाम में।

दूसरी ओर यदि हम प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस की स्थिति की समीक्षा करें तो यह तो है कि कांग्रेस की सीटों में बहुत गिरावट रही। लेकिन उसके वोट प्रतिशत में अधिक अंतर नहीं आया। केवल आधा प्रतिशत ही कम हुआ है। कांग्रेस ने भी चुनाव प्रचार भी आक्रामकता और रणनीति से अपने वोटों का आधार कमजोर नहीं होने दिया। यह कांग्रेस की सक्रियता का ही कारण है कि कांग्रेस की भले सीटें घटीं और सत्ता से दूर हुई पर उसके वोटों का आधार यथावत रहा। यही नहीं राज्य मंत्रिमंडल के बारह महत्वपूर्ण सदस्य चुनाव हार गये।

इस प्रकार इस विधानसभा चुनाव में सीटों की दृष्टि से भले ही कांग्रेस को भारी नुकसान हुआ पर वोटों की दृष्टि से मतदाता ने उसे निराश नहीं किया। सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी को जो लाभ मिला वह तीसरी राजनैतिक धारा में बिखरे वोटों को अपनी ओर आकर्षित करने का हुआ।

रमेश शर्मा

(लेखक- वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं।)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Dev. Deptt. Govt. of M.P.)
Block-II, 5th Floor, Paryavas Bhawan
Bhopal M.P.-462011 (GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No./18855/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 05.12.2023

NOTICE INVITING TENDER EL-76

Online Percentage rate Tenders are invited for "Shifting/ Raising of High Voltage (HV)/Medium Voltage (MV)/Low Voltage (LV) lines and poles from alignment of PMGSY/ CMGSY Road from contractors having 'A' class valid license issued by Madhya Pradesh Licensing Board (Electrical) and registered with MPPWD in appropriate class of contractors on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in.**
Contractors are to quote rate in percentage below/above or at par of the estimated rates given in BOQ including all Taxes except GST.

S.No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Alirajpur	2	3118665.00
2.	Balaghat	1	6921450.00
3.	Betul	2	8396276.00
4.	Burhanpur	1	2457736.00
5.	Chhatarpur	2	788493.00
6.	Indore	4	7992360.00
7.	Raisen	1	5175385.00
8.	Sagar	2	3482000.00
9.	Satna	1	497831.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **11.12.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed NIT and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/112620/2023 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

R-49216/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P. – 462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 264/MTN/2023

No./19013/22/D-12/NIT-Maint./2023 Bhopal, Dated : 07.12.2023
Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

1. Table No. 1 :- Name of Work – Repair/Maintenance of the Rural Roads for five years constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Harda	4	22032827.00

2. Table No. 2 :- Name of Work – Repair/Maintenance of the Rural Roads for five years constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Burhanpur	1	13066601.00
2	Harda	1	14964924.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from 11.12.2023 from 17:30 hrs.
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGE
M.P. Madhyam/112664/2023 (TENDER)

"मेरी सड़क" एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

R-49219/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462011

NOTICE INVITING TENDER No. 1156 (RCPLWEA-Bridge) (Batch-I, Year 2022-23)

No./19017/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 07.12.2023
Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in.** as detailed below :-

- **Name of Work –** Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.

S. No.	Name of District	No. of Packages	No. of Bridge	Total PAC (In Rs.)
1	Balaghat	1	1	50065000.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission :** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **08.12.2023 (17:30 hrs)** and last date for online bid submission is **22.12.2023 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/112665/2023 (TENDER)

"मेरी सड़क" एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

R-49220/2023

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)
फोन : 9425601556/9340714903

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा अंतर्गत बालक क्रीड़ा परिसर विचारपुर, जिला शहडोल में पवेलियन स्टोर, चेन लिंक फेसिंग, हाई-मास्ट लाईट एवं अन्य सिविल कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 07/2023-24 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक **MPPHCL/ TENDER No. 2023_MPPHC_318537_1** आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 15.12.2023 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/112666/2023 R-49221/2023 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधो. वि. निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग सागर भदभदा रोड, भोपाल
क्रमांक/791 /तशा/मप्रपुहाका/पय/सागर/2023 दिनांक : 06.12.2023

विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में बाह्य विद्युतीकरण कार्य 33/0.4 के.व्ही. 2x500 के.व्ही.ए. का कार्य 80+160 बहुमंजिला आवास गृह पिपलानी, भोपाल हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2023_ MPPHC_318302_1 दिनांक 20.12.2023 समय 17:00 बजे तक खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/112669/2023 R-49222/2023 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.), फोन नं. 0734-2527715
मोबा. 9406808103, Email: mpphcl_ujjain@yahoo.in
क्र. 1517/पय/मप्रपुहाइडेकालि/23/उज्जैन दिनांक : 06.12.2023

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 20/2023-24

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 20/2023-24 दिनांक 06.12.2023 के अंतर्गत सी.एम. राईज स्कूल का निर्माण कार्य, जीवाजी गंज, उज्जैन हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2023_MPPHC_318157 आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 20.12.2023 17.30 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/112639/2023 R-49217/2023 **परियोजना यंत्री**

PITHAMPUR AUTO CLUSTER

1st Floor, Atulya IT Park, Khandwa Road, Indore
Website : pithampurautocluster.com

No : PAC/ IND/23-24/ 167 Date : 06.12.2023

NOTICE FOR EMPANELMENT OF TRAINING PARTNERS

Pithampur Auto Cluster (PAC) invites fresh proposals for Empanelment of training entities for partnering in for conducting various training programs of skill development. The details of the notice/invitation may be seen at our website **https://mptenders.gov.in.** Online tender invited on behalf of Managing Director, Pithampur Auto Cluster. Interested entities/organization may submit their proposal on or before **08th Jan, 2024 at 5.30 PM**. The entitles/person, who have already empanelled with PAC, may have a choice to resubmit the proposals. Managing Director, PAC is having full authority to accept or reject any or all applications without assigning any reason.

M.P. Madhyam/112650/2023 **MANAGING DIRECTOR**

R-49218/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.-462011

NOTICE INVITING TENDER No. 265/MTN/2023 (BW)

No./19285/22/D-12/NIT-Maint./2023 Bhopal, Dated : 08.12.2023
Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-
Name of work : Repair/Maintenance of Rural Roads.
1. Name of Work - Post 10 Years (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Dewas	1	2586000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **13.12.2023 from 17:30 hrs.**
- इस समिति में प्रधानमंत्री अध्यक्ष के अलावा लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केबिनेट मंत्री सदस्य के रूप में शामिल होते हैं।
- आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति ऐसे व्यक्तियों में से की जाती हैं जिन्हें सार्वजनिक जीवन का पर्याप्त अनुभव होने के अलावा कानून विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, समाज सेवा, प्रबंधन, पत्रकारिता, जनसंचार या प्रशासन के क्षेत्र में व्यापक ज्ञान और अनुभव हो।
- मुख्य आयुक्त एवं अन्य आयुक्तों को संसद या किसी राज्य या संघशासित प्रदेश के विधानमंडल का सदस्य नहीं होना चाहिए।
- मुख्य सूचना आयुक्त या अन्य सूचना आयुक्त अपने पद पर ग्रहण करने से पूर्व राष्ट्रपति या उनके द्वारा नियुक्त किसी व्यक्ति के समक्ष शपथ ग्रहण करता है।
- किसी लाभ के पद पर नियुक्त या किसी राजनीतिक दल से जुड़े व्यक्ति या कोई व्यवसाय या व्यापार संचालित करने वाले व्यक्ति को सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता है।

कार्यकाल एवं सेवा शर्तें

- सूचना का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2019 के अनुसार केन्द्रीय मुख्य सूचना आयुक्त एवं अन्य सूचना आयुक्त केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित अवधि 3 वर्ष या 65 वर्ष की आयु (जो पहले हो) तक पद पर बने रहेंगे।
- वे पुनः पुनर्नियुक्ति के पात्र नहीं होते हैं।
- यदि किसी सूचना आयुक्त को मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्त किया जाता है तो उसकी पदावधि अन्य सूचना आयुक्त तथा मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में कुल मिलाकर 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
- मुख्य सूचना आयुक्त तथा अन्य सूचना आयुक्त अपना कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व किसी भी समय अपना त्याग पत्र दे सकते हैं।

म.प्र. राज्य सूचना आयोग

- स्वरूप - सांविधिक
- गठन - सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (धारा-15)
- स्थापना - 22 अगस्त 2005
- संरचना - 1 मुख्य आयुक्त तथा अधिकतम 10 अन्य आयुक्त
- मुख्य आयुक्त एवं अन्य आयुक्तों की नियुक्ति - राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री की अध्यक्षता समिति की सिफारिश पर
- मुख्य आयुक्त, अन्य आयुक्तों की नियुक्ति - 3 वर्ष या 65 वर्ष आयु
- प्रथम मुख्य सूचना आयुक्त - श्री टी.एन. श्रीवास्तव

1. केन्द्रीय सूचना आयोग की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
(अ) 2005 (ब) 2006
(स) 2007 (द) 2008

उत्तर- (अ)

2. केन्द्रीय सूचना आयोग की नोडल एजेन्सी के रूप में कौन-सा मंत्रालय कार्य करता है?
(अ) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
(ब) गृह मंत्रालय
(स) वित्त मंत्रालय
(द) कार्मिक मंत्रालय

उत्तर- (द)

3. केन्द्रीय मुख्य सूचना आयुक्त एवं अन्य आयुक्तों की चयन समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं?
(अ) लोकसभा अध्यक्ष
(ब) प्रधानमंत्री
(स) लोकसभा में विपक्ष का नेता
(द) गृह मंत्री

उत्तर- (ब)

4. केन्द्रीय सूचना आयुक्त का कार्यकाल होता है?
(अ) 3 वर्ष या 65 वर्ष
(ब) 6 वर्ष या 65 वर्ष
(स) 5 वर्ष या 62 वर्ष
(द) 5 वर्ष या 65 वर्ष

उत्तर- (अ)

5. केन्द्रीय सूचना आयुक्त एवं अन्य सूचना आयुक्तों की सेवा शर्तों का निर्धारण कौन करता है?
(अ) केन्द्र सरकार
(ब) राष्ट्रपति
(स) संसद
(द) इनमे से कोई नहीं

उत्तर- (अ)

6. भारत की पहली महिला मुख्य सूचना आयुक्त थीं?
(अ) सुषमा सिंह
(ब) रंजना मिश्रा
(स) दीपक संधू
(द) जयंती पटनायक

उत्तर- (स)

7. केन्द्रीय सूचना आयोग अपने क्रियाकलापों की वार्षिक रिपोर्ट किसे सौंपता है?
(अ) राष्ट्रपति (ब) केन्द्र सरकार
(स) सी.ए.जी. (द) संसद

उत्तर- (ब)

8. राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त एवं अन्य सूचना आयुक्तों की सेवा-शर्तों का निर्धारण कौन करता है?
(अ) केन्द्र सरकार (ब) राष्ट्रपति
(स) संसद (द) राज्यपाल

उत्तर- (अ)

9. निम्न में से कौन मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त नहीं रहे?
(अ) पदम्पाणि तिवारी
(ब) इकबाल अहमद
(स) टी.एन. श्रीवास्तव
(द) राजीव माथुर

उत्तर- (द)

10. मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग के प्रथम मुख्य सूचना आयुक्त कौन थे?
(अ) श्री गुलशन बामरा
(ब) श्री के.डी. खान
(स) श्री टी.एन. श्रीवास्तव
(द) श्रीमती अरुणा शर्मा

उत्तर- (स)

11. सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन जुर्माना लगा सकता है?
(अ) केवल केन्द्रीय सूचना आयोग
(ब) केवल राज्य सूचना आयोग
(स) केन्द्र सूचना आयोग या राज्य सूचना आयोग
(द) उच्च न्यायालय या केन्द्रीय सूचना आयोग या राज्य सूचना आयोग

उत्तर- (स)

12. सूचना के अधिकार अधिनियम 2005, की किस धारा के तहत केन्द्रीय सूचना आयोग की स्थापना की गई है?
(अ) धारा-12 (ब) धारा-14
(स) धारा-13 (द) धारा-15

उत्तर- (अ)

13. केन्द्रीय सूचना आयोग का स्वरूप है?
(अ) गैर-संवैधानिक
(ब) सांविधिक
(स) संवैधानिक
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (ब)

14. भारत के केन्द्रीय सूचना आयोग की स्थापना कब की गई?
(अ) 12 अगस्त 2005
(ब) 12 अक्टूबर 2005
(स) 12 सितम्बर 2005
(द) 12 नवम्बर 2005

उत्तर- (ब)

15. सूचना अधिकार संशोधन अधिनियम 2019 से पूर्व केन्द्रीय मुख्य सूचना आयुक्त के वेतन-भत्ते एवं सेवा शर्तें निम्न में से किसके समान होती हैं?
(अ) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान
(ब) संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के समान
(स) भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के समान
(द) केन्द्रीय सतकर्ता आयुक्त के समान

उत्तर- (स)

16. केन्द्रीय सूचना आयोग में एक मुख्य सूचना आयुक्त के अतिरिक्त अन्य कितने आयुक्त हो सकते हैं?
(अ) 5 (ब) 10
(स) 6 (द) 8

उत्तर- (ब)

17. निम्न में से कौन केन्द्रीय मुख्य सूचना आयुक्त एवं अन्य आयुक्तों की चयन समिति में शामिल नहीं होते हैं?
(अ) लोक सभा अध्यक्ष
(ब) प्रधानमंत्री
(स) लोक सभा में विपक्ष का नेता
(द) प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केबिनेट मंत्री

उत्तर- (अ)

18. सूचना का अधिकार संशोधन अधिनियम, 2019 से पूर्व केन्द्रीय अन्य सूचना आयुक्त की सेवा-शर्तें किसके समान होती थीं?
(अ) मुख्य निर्वाचन आयुक्त
(ब) अन्य निर्वाचन आयुक्त
(स) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश
(द) केबिनेट सचिव

उत्तर- (ब)

19. निम्न में से भारत के मुख्य सूचना आयुक्त रहे हैं?
(अ) ए.एन. तिवारी
(ब) सत्यानंद मिश्र
(स) राजीव माथुर
(द) सभी

उत्तर- (द)

20. निम्न में से भारत के मुख्य सूचना आयुक्त नहीं रहे हैं?
(अ) सुषमा सिंह
(ब) राधाकृष्ण माथुर
(स) इकबाल अहमद
(द) विजय शर्मा

उत्तर- (स)

21. भारत के पहले मुख्य सूचना आयुक्त कौन थे?
(अ) वजाहत हबीबुल्लाह
(ब) निटूर श्रीनिवास
(स) रंगनाथ मिश्रा
(द) दीपक संधू

उत्तर- (अ)

22. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की किस धारा के तहत राज्य सूचना आयोग की स्थापना की गई?
(अ) धारा-12 (ब) धारा-14
(स) धारा-13 (द) धारा-15

उत्तर- (द)

23. निम्न में से किस वर्ष मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग की स्थापना की गई थी?
(अ) 2000 (ब) 2002
(स) 2005 (द) 2006

उत्तर- (स)

24. राज्य सूचना आयोग अपना वार्षिक प्रतिवेदन निम्न में से किसे सौंपता है?
(अ) राज्यपाल (ब) केन्द्र सरकार
(स) राष्ट्रपति (द) राज्य सरकार

उत्तर- (द)

25. राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त एवं अन्य सूचना आयुक्तों को नियुक्त की जाने वाली समिति में निम्न में से कौन नहीं होता है?
(अ) उच्च न्यायालय का न्यायाधीश
(ब) मुख्यमंत्री
(स) मुख्यमंत्री द्वारा मनोनीत राज्य केबिनेट का कोई मंत्री सदस्य
(द) राज्य विधानसभा में विपक्ष का नेता

उत्तर- (अ)

26. राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त एवं अन्य आयुक्तों की चयन समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं?
(अ) विधानसभा अध्यक्ष
(ब) मुख्यमंत्री
(स) विधानसभा में विपक्ष का नेता
(द) गृह मंत्री

उत्तर- (ब)

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-
1 सूचना का अधिकार संशोधन अधिनियम 2019 से पूर्व राज्य मुख्य सूचना आयुक्त की सेवा शर्तें भारत के मुख्य सचिव के समान होती थीं।
2 सूचना का अधिकार संशोधन अधिनियम, 2019 से पूर्व राज्य सूचना आयुक्त की सेवा शर्तें राज्य के मुख्य सचिव के समान होती थीं।
उपरोक्त में से कौन-सा कथन सत्य है-
(अ) केवल 1
(ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों
(द) न तो 1 और न ही 2

उत्तर- (द)

28. निम्न में से कौन मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त रहे हैं?
(अ) टी.एन. श्रीवास्तव
(ब) इकबाल अहमद
(स) के.डी. खान
(द) उपरोक्त सभी

उत्तर- (द)

29. केन्द्रीय सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त अपना पद ग्रहण करने से पूर्व किसके समक्ष शपथ ग्रहण करते हैं?
(अ) राष्ट्रपति
(ब) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(स) प्रधानमंत्री
(द) कोई नहीं

उत्तर- (अ)

30. राष्ट्रपति निम्नलिखित में से किन परिस्थितियों में मुख्य सूचना आयुक्त या अन्य सूचना आयुक्त को उनके पद से हटा सकता है?
(अ) दिवालिया घोषित होने पर
(ब) राष्ट्रपति के नजर में नैतिक भ्रष्टाचार संबंधी अपराध के लिए दोष सिद्ध होने पर
(स) शारीरिक या मानसिक अक्षमता के कारण कार्य करने में अक्षम हो।
(द) उपरोक्त सभी

उत्तर- (द)

31. मुख्य सूचना आयुक्त एवं अन्य सूचना आयुक्तों के चयन की सिफारिश करने वाली चयन समिति में कौन-कौन सदस्य होते हैं?
1 प्रधानमंत्री
2 लोकसभा अध्यक्ष
3 लोकसभा में विपक्ष का नेता
4 मंत्रीमंडल का कोई अन्य मंत्री
(अ) 1, 2, 3 (ब) 1, 2, 4
(स) 1, 3, 4 (द) उपर्युक्त सभी

उत्तर- (स)

32. केन्द्रीय सूचना आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए?
1 मुख्य सूचना आयुक्त तथा अन्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
2 मुख्य सूचना आयुक्त तथा अन्य सूचना आयुक्त के वेतन, भत्ते तथा सेवा शर्तें केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित किए जाते हैं।
उपरोक्त में से कौन-सा कथन सत्य है?
(अ) केवल 1
(ब) केवल 2
(स) 1 और 2 दोनों
(द) न तो 1 और न ही 2

उत्तर- (स)

- इमरतलाल खरते
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

यूनिसेफ दिवस - 11 दिसम्बर

यूनिसेफ : बच्चों और युवाओं के सतत विकास का लक्ष्य

बच्चे किसी भी समाज, प्रांत, देश ही नहीं दुनिया का भविष्य हैं। वे भविष्य का आधार हैं। आधार जितना अच्छा और स्ट्रांग होगा भविष्य उतना ही मजबूत बनेगा। बच्चों के भविष्य की बेहतरी के लिए भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने आह्वान किया था 'आइए हम अपने आज का बलिदान दें ताकि हमारे बच्चों का कल बेहतर हो सके'।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी बच्चों के भविष्य के लिए चिंता की गयी। विशेषकर युद्ध और विभीषिका के उपरांत भोजन, जल, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि चुनौतियों का सामना करते हुए बच्चों का बचपन समाप्त हो जाता है। विपदा के इन दिनों में यूनिसेफ जीवन रक्षक भोजन, स्वच्छ पानी, चिकित्सा आपूर्ति और देखभाल प्रदान करता है। बच्चों के भविष्य की बेहतरी के संकल्प के साथ दुनियाभर में 11 दिसम्बर को यूनिसेफ दिवस का आयोजन किया जाता है।

यूनिसेफ, जिसे संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के रूप में भी जाना जाता है, जिसे पहले संयुक्त राष्ट्र बाल आपातकालीन कोष के रूप में जाना जाता था। बच्चे चाहे किसी भी क्षेत्र, नस्ल, जाति या संस्कृति के हो, दुनिया भर में 190 से अधिक देशों और क्षेत्रों में बच्चों के विकास के लिए यूनिसेफ काम करता है।

यूनिसेफ दिवस का महत्व

बच्चों और युवाओं के सतत विकास के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल यूनिसेफ दिवस मनाया जाता है। यह भूख मिटाने, बच्चों के विशेषाधिकारों के उल्लंघन और नस्ल, क्षेत्र या धर्म के आधार पर पूर्वाग्रह के प्रति ध्यान केन्द्रित करता है। यूनिसेफ दिवस हमें विश्व के भविष्य के लिए बच्चों के महत्व को लेकर प्रेरित करता है।

क्यों मनाया जाता है यूनिसेफ दिवस

हर साल 11 दिसम्बर को समूची दुनिया में यूनिसेफ दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर के बच्चों और किशोरों की हेल्थ, एजुकेशन, उनके अधिकार और जीवन की रक्षा करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1946 में 11 दिसम्बर को दूसरे विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष यानि यूनिसेफ का गठन किया था।

यूनिसेफ दिवस का इतिहास

संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (यूनिसेफ) की स्थापना द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 11 दिसम्बर, 1946 को की गई थी। यह महिलाओं और बच्चों को दुर्व्यवहार, भुखमरी और अन्य मुद्दों से बचाने के लिए काम करता था। धीरे-धीरे, अस्थायी रूप से शुरू किया गया संगठन संयुक्त राष्ट्र की एक स्थायी शाखा के रूप में विकसित हुआ और तब से, हर साल यूनिसेफ दिवस मनाया जाने लगा। पोलैंड के चिकित्सक लुडविक रॉथमन ने यूनिसेफ का गठन करने में प्रमुख भूमिका निभाई। इसे बनाने का प्रमुख उद्देश्य द्वितीय विश्वयुद्ध में तबाह हुए देशों में बच्चों और माताओं को आपातकालीन स्थिति में भोजन और स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना था। 1950 में यूनिसेफ के दायरे को विकासशील देशों में बच्चों और महिलाओं की दीर्घकालिक ज़रूरतों को पूरा करने के लिये विस्तारित किया गया। 1953 में यह संयुक्त राष्ट्र का एक स्थायी हिस्सा बन गया और इस संगठन के नाम में से 'अंतर्राष्ट्रीय' एवं 'आपातकालीन' शब्दों को हटा दिया गया। अब इसका नाम संयुक्त राष्ट्र बाल

कोष है किंतु मूल संक्षिप्त नाम 'यूनिसेफ' को बरकरार रखा गया।

वित्तीय स्थिति

यूनिसेफ के कार्यक्रम बच्चों के स्वास्थ्य और भलाई को बढ़ावा देने के लिये सामुदायिक स्तर की सेवाओं को विकसित करने पर जोर देते हैं। यूनिसेफ का वित्त पोषण विभिन्न सरकारों और निजी दाताओं द्वारा किया जाता है। संगठन के संसाधनों का दो-तिहाई योगदान विभिन्न देशों की सरकारें करती हैं। निजी समूहों/व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रीय समितियों के माध्यम से शेष योगदान किया जाता है।

कार्यक्षेत्र विस्तार

यूनिसेफ का अधिकांश कार्यक्षेत्र 190 देशों तथा क्षेत्रों में मौजूद है। 150 से अधिक देशों के कार्यालयों तथा मुख्यालयों और यूनिसेफ के नेटवर्क से जुड़े अन्य कार्यालयों तथा 34 राष्ट्रीय समितियां मेजबान सरकारों के साथ विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से यूनिसेफ के मिशन को पूरा करती है।

यूनिसेफ का आपूर्ति विभाग कोपेनहेगन में स्थित है और यह एचआईवी पोषण संबंधी खुराक, आपातकालीन आश्रयों, परिवारों के पुनर्मिलन तथा बच्चों और माताओं के लिये टीके, एंटी-रेट्रोवायरल दवाओं जैसी आवश्यक वस्तुओं के वितरण के प्राथमिक बिंदु के रूप में कार्य करता है।

कैसे होता है कार्यक्रम का संचालन

प्रत्येक देश में स्थित यूनिसेफ कार्यालय वहां की सरकार के साथ सहयोग कायम कर एक अनूठे कार्यक्रम के माध्यम से अपने मिशन को पूरा करता है। यह कार्यक्रम व्यवहारिक तरीकों से बच्चों और महिलाओं के अधिकारों का एहसास कराने का प्रयास करते हैं। क्षेत्रीय कार्यालय इस कार्य का मार्गदर्शन करते हैं और आवश्यकतानुसार राष्ट्रीय कार्यालयों को तकनीकी सहायता प्रदान करते हैं।

यूनिसेफ की राष्ट्रीय समितियां

ये राष्ट्रीय समितियां 38 (औद्योगिक) देशों में हैं तथा इनमें से प्रत्येक एक स्वतंत्र स्थानीय गैर-सरकारी संगठन के रूप में स्थापित है। राष्ट्रीय समितियां सार्वजनिक क्षेत्र से आर्थिक व्यवस्था करती हैं। यूनिसेफ को पूरी तरह से स्वैच्छिक योगदान से वित्तपोषित किया जाता है और राष्ट्रीय समितियां सामूहिक रूप से यूनिसेफ की वार्षिक आय का लगभग एक-तिहाई हिस्सा जुटाती हैं।

ट्रिक-ऑर-ट्रीट यूनिसेफ बॉक्स

वर्ष 1950 के बाद जब फिलाडेल्फिया, पेंसिल्वेनिया में बच्चों के एक समूह ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद पीड़ितों की मदद के लिये हैलोवीन (अमेरिका में मनाया जाने वाला एक उत्सव) पर मिले 17 डॉलर दान में दे दिये, तभी से उत्तरी अमेरिका में ट्रिक-ऑर-ट्रीट यूनिसेफ बॉक्स हेतु दान देने की एक परंपरा बन गई है। 31 अक्टूबर से पहले ये छोटे नारंगी बक्से स्कूलों और अन्य स्थानों पर बच्चों को सौंप दिये जाते हैं।

गर्ल स्टार प्रोजेक्ट

द गर्ल स्टार प्रोजेक्ट फिल्मों की एक श्रृंखला है जो भारत के पांच उत्तरी राज्यों में सबसे वंचित समुदायों की उन लड़कियों की कहानी है, जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक बाधाओं के बावजूद जीवन में सफलता प्राप्त की है। ये युवतियां अपने समुदायों में रोल मॉडल बनने की दिशा में बढ़ी हैं और छोटी लड़कियों को स्कूल जाने तथा अपनी शिक्षा जारी रखने के लिये प्रेरित करती हैं।

किड्स यूनाइटेड

किड्स यूनाइटेड वर्ष 2000 से वर्ष 2007 के बीच जन्में चार बच्चों का एक फ्रांसीसी संगीत समूह है। यह यूनिसेफ के अभियानों का समर्थन करने के लिये बनाया गया है तथा दो गायकों हेलेन सेगारा और कॉर्निले द्वारा प्रायोजित है। वर्ष 2015 में यूनिवर्सल चिल्ड्रन डे पर पहला एल्बम 'अनमोंडे मीइलुर' लॉन्च किया गया था।

यू-रिपोर्ट

यू-रिपोर्ट एक निःशुल्क एसएमएस सामाजिक निगरानी उपकरण और सामुदायिक भागीदारी के लिये वास्तविक समय सूचना प्रणाली है, जिसे सामुदायिक नेतृत्व वाले विकास, नागरिक सहभागिता और सकारात्मक बदलाव को मज़बूत करने के लिये डिजाइन किया गया है।

गोद लेने का कार्यक्रम

यूनिसेफ की यह नीति है कि कोई अन्य विकल्प नहीं होने पर ही अनाथालयों को बच्चों के लिये अस्थायी आवास के रूप में उपयोग किया जाना चाहिये। यूनिसेफ जब तक संभव हो सके परिवारों और समुदायों में ही बच्चों के लिये स्थान खोजने यानी उन्हें गोद देने को प्राथमिकता देता है। यह देश के बाहर के लोगों को गोद देने के बजाय स्वदेश में ही बच्चों की देखभाल करने पर जोर देता है।

- हितेश शर्मा
(लेखक सम-सामायिक विषयों पर लेखन करते हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. ओलिंपिक खेलों में भारत ने पुरुष हॉकी वर्ग में अब तक कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) पांच (ब) सात
(स) आठ (द) दस

2. वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में रन चेस करते हुए दोहरा शतक बनाने वाले बल्लेबाज कौन हैं?
(अ) क्रिस गेल
(ब) ग्लेन मैक्सवेल
(स) विराट कोहली
(द) इनमें से कोई नहीं

3. वर्ष 2019 में किस देश ने फीफा अंडर-17 फुटबॉल वर्ल्डकप जीता था?
(अ) फ्रांस (ब) मैक्सिको
(स) ब्राजील (द) स्पेन

4. मैरी अर्प्स किस देश की दिग्गज महिला फुटबॉलर हैं?
(अ) ब्राजील (ब) आस्ट्रेलिया
(स) द. कोरिया (द) इंग्लैंड

5. इस वर्ष राष्ट्रीय खेलों में किस राज्य ने सबसे ज्यादा पदक जीते हैं?
(अ) महाराष्ट्र (ब) हरियाणा
(स) पंजाब (द) मध्यप्रदेश

6. इस वर्ष किस शहर में एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप आयोजित की गई थी?
(अ) दोहा (ब) चांगवोन
(स) अल्माटी
(द) इनमें से कोई नहीं

7. इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले बल्लेबाज कौन हैं?
(अ) एलिस्टर कुक
(ब) माइकल वॉन
(स) जो रूट
(द) केविन पीटरसन

8. आईस हॉकी किस देश का राष्ट्रीय खेल है?
(अ) अमेरिका (ब) कनाडा
(स) डेनमार्क (द) स्विट्जरलैंड

9. इनमें से किस देश ने सबसे ज्यादा बार फीफा महिला फुटबॉल वर्ल्डकप जीता है?
(अ) अमेरिका (ब) जर्मनी
(स) इटली
(द) इनमें से कोई नहीं

10. नॉर्वे के युवा फुटबॉलर एर्लिंग हॉलैंड किस क्लब के लिए खेलते हैं?
(अ) बायर्न म्युनिख
(ब) पेरिस सेंट जर्मेन
(स) लिवरपूल
(द) मैनचेस्टर सिटी

11. एशियन गेम्स-2023 में किस देश ने कबड्डी में पुरुष टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) भारत (ब) इंडोनेशिया
(स) द. कोरिया (द) ईरान

12. वर्ष 2022 में किस देश ने एएफसी एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीता था?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) चीन
(स) द. कोरिया (द) जापान

13. इनमें से किस शहर में इडेन गार्डन क्रिकेट स्टेडियम स्थित है?
(अ) हैदराबाद (ब) मोहाली
(स) कोलकाता (द) चेन्नई

14. इनमें से किस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता है?
(अ) रोजर फेडरर
(ब) रॉय इमरसन
(स) राफेल नडाल
(द) नोवाक जोकोविच

15. एशियन गेम्स-2023 में भारत ने निशानेबाजी में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) चार (ब) पांच
(स) सात (द) दस

16. इनमें से कौन-सा देश वर्ष 2024 में वेस्टइंडीज के साथ मिलकर आईसीसी टी-20 विश्वकप की मेजबानी करेगा?
(अ) अर्जेंटीना (ब) कनाडा
(स) मैक्सिको (द) अमेरिका

17. इनमें से कौन-सा निशानेबाज मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करता है?
(अ) एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर
(ब) सौरभ चौधरी
(स) अखिल श्योराण
(द) इनमें से कोई नहीं

18. इनमें से कौन-सी स्पर्धा निशानेबाजी खेल से संबंधित नहीं है?
(अ) स्कीट (ब) डबल ट्रैप
(स) एयर राइफल (द) रिकर्व

19. सैयद मोदी टूर्नामेंट किस खेल से संबंधित एक वैश्विक प्रतियोगिता है?
(अ) क्रिकेट (ब) फुटबॉल
(स) बैडमिंटन (द) एथेलेटिक्स

20. एशियन गेम्स-2023 में पारूल चौधरी ने किस खेल में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) तीरंदाजी (ब) एथेलेटिक्स
(स) बैडमिंटन (द) निशानेबाजी

21. इनमें से किस खिलाड़ी को वर्ष 2022 में डब्ल्यूटीए प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था?
(अ) ईगा स्वितेक
(ब) एश्ले बार्टी
(स) जेसिका पेगुला
(द) झांग किन्वेन

22. वर्ष 2022 में इनमें से किस खिलाड़ी को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
(अ) बजरंग पूनिया
(ब) हार्दिक पंड्या
(स) सुनील छेत्री
(द) अचंत शरत कमल

23. रणजी ट्रॉफी-2023 में किस बल्लेबाज ने सबसे ज्यादा रन बनाये?
(अ) मयंक अग्रवाल
(ब) सारांश जैन
(स) रियान पराग
(द) पृथ्वी शॉ

24. इस वर्ष किस शहर में वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था?
(अ) टोक्यो (ब) बुडापेस्ट
(स) यूजीन (द) एंटवर्प

25. भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियन गेम्स-2023 में कौन-सा पदक जीता है?
(अ) स्वर्ण पदक
(ब) रजत पदक
(स) कांस्य पदक
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर

1. (स), 2. (ब), 3. (स), 4. (द), 5. (अ), 6. (ब), 7. (अ), 8. (ब), 9. (अ), 10. (द), 11. (अ), 12. (ब), 13. (स), 14. (द), 15. (स), 16. (द), 17. (अ), 18. (द), 19. (स), 20. (ब), 21. (अ), 22. (द), 23. (अ), 24. (ब), 25. (स)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

रवि बिश्नोई बने नंबर वन ट्वेंटी-20 गेंदबाज

दुबई, भारत के युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने आईसीसी ट्वेंटी-20 रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ट्वेंटी-20 सीरीज में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले रवि अब ट्वेंटी-20 क्रिकेट में नंबर वन गेंदबाज बन गए हैं। रैंकिंग में रवि 699 रेटिंग अंकों के साथ अफगानिस्तान के राशिद खान को पछाड़कर पहले स्थान पर आ गए हैं। इसके अलावा भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने ट्वेंटी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में पहला स्थान बरकरार रखा है।

भारत ने वन-डे चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को ट्वेंटी-20 सीरीज में 4-1 से हराया

- **भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दूसरी बार घरेलू ट्वेंटी-20 सीरीज जीती है।**
- **रवि बिश्नोई ने सीरीज में सबसे ज्यादा 9 विकेट लिए, प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए।**

बेंगलुरु, युवाओं से सजी भारतीय क्रिकेट टीम ने वन-डे की विश्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को ट्वेंटी-20 सीरीज में करारी मात दी है। भारत ने पांच मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज 4-1 से अपने नाम की। सीरीज के पांचवें और आखिरी मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 6 रन से हराया।

मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने 33 रन के स्कोर पर भारत के दोनों सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन लौटा दिया। इस दौरान तेजी से रन बनाने के प्रयास में कप्तान सूर्य कुमार यादव (5) और रिंकु सिंह (6) भी आउट हो गए। इसके बाद अनुभवी बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और जितेश शर्मा ने पारी को संभाला। श्रेयस ने 53 रन बनाये जबकि जितेश 24 रन बनाकर आउट हुए। पारी के अंतिम ओवरों में बल्लेबाजी करने आये अक्षर पटेल ने 21 गेंदों में 31 रनों की तेजतर्रार पारी खेलते हुए भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 160 रन बनाये।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत भी खराब रही। सलामी बल्लेबाज जोश फिलिप महज 4 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद ट्रेविस हेड (28) ने तेजी से रन बनाये, लेकिन रवि बिश्नोई ने हेड की पारी समाप्त की। ऑस्ट्रेलिया के लिए बेन मैक्डरमोट (54) ने अर्धशतक बनाया। ऑस्ट्रेलियाई टीम को अंतिम ओवर में जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी, लेकिन अर्शदीप सिंह ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए भारत को शानदार जीत दिलाई। भारत के लिए मुकेश कुमार ने 3, रवि बिश्नोई और अर्शदीप सिंह ने 2-2 तथा अक्षर ने एक विकेट लिया।

सबसे ज्यादा ट्वेंटी-20 मैच जीतने का रिकॉर्ड

भारतीय टीम ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भारतीय टीम क्रिकेट के सबसे छोटे और लोकप्रिय प्रारूप ट्वेंटी-20 की सबसे सफल टीम बन गई है। भारतीय टीम ने अब तक 214 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं, इनमें से 137 मैचों में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की है। भारत के बाद पाकिस्तान ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 135 मैच जीते हैं।

जूनियर विश्व चैम्पियनशिप में भारत ने जीते 17 पदक

येरेवान, भारत के युवा मुक्केबाजों ने आर्मेनिया में आयोजित आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय मुक्केबाजों ने टूर्नामेंट में 3 स्वर्ण, 9 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 17 पदक जीते हैं। टूर्नामेंट में भारत को पहला स्वर्ण पदक पायल ने दिलाया। पायल ने लड़कियों की 48 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में आर्मेनिया की पेत्रोस्यां हेगाइन को हराया। पायल के अलावा निशा और आकांक्षा ने भी भारत के लिए स्वर्ण पदक जीते।

एडिलेड स्ट्राइकर्स ने जीती महिला बिग बैश लीग

एडिलेड, अमांडा जेड की घातक गेंदबाजी के दम पर एडिलेड स्ट्राइकर्स ने लगातार दूसरी बार महिला बिग बैश लीग का खिताब अपने नाम किया है। एडिलेड स्ट्राइकर्स ने बिग बैश लीग के फाइनल में ब्रिसबेन हीट्स को 3 रन से हराया। मैच में एडिलेड स्ट्राइकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 125 रन बनाये। इसके जवाब में ब्रिसबेन की टीम 20 ओवरों में 122 रन ही बना सकी। एडिलेड के लिए अमांडा जेड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 16 रन देकर 3 विकेट लिए। उल्लेखनीय है कि एडिलेड स्ट्राइकर्स ने वर्ष 2022 में भी यह टूर्नामेंट जीता था।

भारत का दक्षिण अफ्रीका दौरा

के.एल. राहुल को मिली भारतीय वन-डे टीम की कमान

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए तीनों फॉर्मेट में भारतीय क्रिकेट टीमों की घोषणा कर दी है। भारतीय वन-डे क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को सीमित ओवर प्रारूप (वन-डे और ट्वेंटी-20) सीरीज के लिए आराम दिया गया है। इन दोनों खिलाड़ियों ने बीसीसीआई से सीमित ओवर क्रिकेट से ब्रेक देने का अनुरोध किया था, जिसे बोर्ड ने स्वीकार कर लिया है। रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में के.एल. राहुल भारतीय वन-डे टीम की कमान संभालेंगे। भारतीय वन-डे टीम में संजू सैमसन और युजवेंद्र चहल की वापसी हुई है, जबकि साई सुदर्शन, रिंकु सिंह और रजत पाटीदार को पहली बार वन-डे टीम में जगह मिली है।

टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम- रोहित, शुभमन, यशस्वी, विराट, श्रेयस, ऋतुराज, ईशान, राहुल, अश्विन, जडेजा, शार्दुल, सिराज, मुकेश, शमी, बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा।

वन-डे सीरीज के लिए भारतीय टीम- राहुल (कप्तान), ऋतुराज, सुदर्शन, तिलक, रजत पाटीदार, रिंकु सिंह, श्रेयस, संजू सैमसन,अक्षर, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप, युजवेंद्र चहल, मुकेश, आवेश, अर्शदीप और दीपक चाहर।

जुलाई में श्रीलंका का दौरा करेगी भारतीय टीम

कोलंबो, भारतीय क्रिकेट टीम जुलाई-2024 में श्रीलंका का दौरा करेगी। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि भारतीय टीम अगले साल आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप के ठीक बाद जुलाई-अगस्त में श्रीलंका का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच 3-3 मैचों की वन-डे और ट्वेंटी-20 सीरीज खेली जाएगी। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के सीईओ एश्ले डिसिल्वा ने कहा कि अगले साल काफी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेला जाएगा, जो हमारे लिए अच्छा संकेत है।

युगांडा ने ट्वेंटी-20 विश्वकप में बनाई जगह

विंडहोक, युगांडा ने पहली बार आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप के लिए क्वालिफाई करके इतिहास रच दिया है। युगांडा ने ट्वेंटी-20 विश्वकप के अफ्रीका रीजन क्वालिफायर में रवांडा को नौ विकेट से हराकर वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में जगह बनाई है। युगांडा से पहले नामीबिया इस टूर्नामेंट के जरिए विश्वकप के लिए क्वालिफाई किया है।

लियोनल मेसी चुने गए टाइम एथलीट ऑफ द ईयर

न्यूयार्क, अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी को प्रतिष्ठित टाइम पत्रिका ने टाइम एथलीट ऑफ द ईयर चुना है। मेसी यह सम्मान हासिल करने वाले पहले पुरुष फुटबॉलर हैं। मेसी को यह सम्मान फुटबॉल खेल में बेहतरीन योगदान के लिए दिया गया है। टाइम पत्रिका ने मेसी को सम्मानित करते हुए कहा कि लियोनल मेसी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल को आगे बढ़ाया है। उन्होंने इंटर मियामी क्लब के साथ करार किया और अमेरिका को एक फुटबॉल देश में बदल दिया है।

मेसी ने इस वर्ष जुलाई में अमेरिकी फुटबॉल क्लब इंटर मियामी के साथ करार किया था। उन्होंने इंटर मियामी क्लब के लिए अब तक 14 मैच खेले और 11 गोल किए हैं। मेसी के टीम में रहते इंटर मियामी ने पहली बार लीग कप का खिताब जीता है।

अर्जेंटीना को बनाया विश्व चैम्पियन

लियोनल मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने वर्ष 2022 में फीफा विश्वकप का खिताब जीता था। विश्वकप के फाइनल में अर्जेंटीना ने फ्रांस को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। मेसी ने इस विश्वकप में 7 गोल दागे थे, इनमें से 2 गोल उन्होंने फाइनल मुकाबले में किए थे।

- **पहली बार किसी गैर अमेरिकी खिलाड़ी को इस सम्मान से नवाजा गया है।**
- **इससे पहले अमेरिकन महिला फुटबॉल टीम, लेब्रॉन जेम्स, सिमोन बाइल्स और एरॉन जज भी हासिल कर चुके हैं यह सम्मान।**

फीफा अंडर-17 विश्वकप

फ्रांस को हराकर जर्मनी ने जीता खिताब

- **अब तक 10 देश जीत चुके हैं फीफा अंडर-17 विश्वकप।**
- **नाइजीरिया ने सबसे ज्यादा 5 बार और ब्राजील ने 4 बार जीता है यह विश्वकप।**
- **घाना और मैक्सिको ने 2-2 बार तथा रूस, फ्रांस, सऊदी अरब, इंग्लैंड, स्विट्जरलैंड और जर्मनी ने 1-1 बार जीता है विश्वकप।**

जकार्ता, जर्मनी की युवा फुटबॉल टीम फीफा अंडर-17 फुटबॉल विश्वकप की नई चैम्पियन बन गई है। चार बार की फीफा विश्वकप चैम्पियन जर्मनी ने जूनियर लेवल पर पहली बार यह विश्वकप जीता है। टूर्नामेंट के फाइनल में फ्रांस को पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया।

फाइनल में जर्मनी ने आक्रामक रणनीति के साथ शुरुआत की। मैच के 29वें मिनट में फ्रांसीसी डिफेंडर की गलती पर जर्मनी को पेनाल्टी मिली। जर्मनी ने इस मौके का फायदा उठाया और पेरिस ब्रूनर ने शानदार गोल कर जर्मन टीम को बढ़त दिलाई। मैच के पहले हाफ में जर्मनी 1-0 से आगे रहा।

इसके बाद दूसरे हाफ में भी जर्मनी ने आक्रामक खेल दिखाया। जर्मनी के कप्तान नोआह डार्विक ने फ्रांस के गोलकीपर पॉल अर्गने को छकाते हुए जर्मनी की बढ़त दोगुनी कर दी। मैच में 2-0 से पिछड़ने के बाद फ्रांस की टीम अपने खेल में तेजी लाई। मैच के 53वें मिनट में साइमन बोज्रे तथा 85वें मिनट में मथाइस एमोग ने गोल कर फ्रांस को बराबरी पर ला दिया।

अतिरिक्त समय तक स्कोर बराबर रहने पर मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट के जरिए हुआ। पेनाल्टी शूटआउट में जर्मनी के लिए रेमसक, मोरस्ताद, फेजल हरचाइ और एल्मुगेरा काबर ने गोल किए, जबकि कायी सांडा, इस्माइल बोनेब, जोआन टिंकरेस ही गोल कर सके।

यूरो कप-2024 के लिए ड्रॉ घोषित

हैम्बर्ग, यूरोपियन फुटबॉल की सबसे बड़ी संस्था यूएफा ने वर्ष 2024 में आयोजित होने वाले यूरो कप के लिए ड्रॉ घोषित कर दिया है। एक महीने तक चलने वाले यूरो कप-2024 की शुरुआत 14 जून को मेजबान जर्मनी और स्कॉटलैंड के बीच खेले जाने वाले मैच से होगी।

टूर्नामेंट में 24 टीमें लेंगी हिस्सा

यूरो कप में कुल 24 टीमें खेलती हुई नजर आयेंगी। इन 24 टीमों को 4-4 टीमों के छह ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप-ए में जर्मनी, स्कॉटलैंड, हंगरी और स्विट्जरलैंड रखा गया है, वहीं ग्रुप-बी में स्पेन, क्रोएशिया, इटली और अल्बानिया शामिल है। ग्रुप-सी में स्लोवेनिया, डेनमार्क, सर्बिया और इंग्लैंड है, वहीं ग्रुप-डी में नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रिया, फ्रांस और क्वालिफायर ए को रखा गया है। ग्रुप-ई में बेल्जियम, स्लोवाकिया, रोमानिया और क्वालिफायर बी को शामिल किया गया है, जबकि तुर्किये, पुर्तगाल, चेक गणराज्य और क्वालिफायर सी को ग्रुप-एफ में रखा गया है।

ग्रुप-बी बना ग्रुप ऑफ डेथ

यूरो कप-2024 में ग्रुप-बी को सबसे कठिन ग्रुप माना जा रहा है। इस ग्रुप में यूरो कप की मौजूदा चैंपियन टीम इटली को तीन बार के चैम्पियन स्पेन और फीफा विश्वकप-2018 की उपविजेता क्रोएशिया के साथ रखा गया है।

- **यूरो कप वर्ष 2024 में 14 जून से 14 जुलाई तक जर्मनी में खेला जाएगा।**
- **जर्मनी के 10 शहरों में खेले जायेंगे विश्वकप के मुकाबले।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

रूस ने ईरान के साथ अमेरिकी प्रतिबंधों को किया खत्म

ईरान और रूस ने अमेरिकी प्रतिबंधों को खत्म करने के लिए एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के अनुसार मॉस्को के खिलाफ हालिया अमेरिकी प्रतिबंधों के जवाब में दोनों देशों ने यह कदम उठाया। लावरोव ने ईरानी विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के साथ हुई वार्ता में कहा, हमने एकतरफा प्रतिबंधों के नकारात्मक परिणामों का मुकाबला करने, उसके खिलाफ लड़ने के लिए एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। निःसंदेह, यह अवैध प्रतिबंधों को दूर करने के लिए वैश्विक समुदाय के सदस्यों द्वारा समन्वित प्रयासों को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो कि यू.एस. और उसके सहयोगी कूटनीति के विकल्प के रूप में उपयोग करते हैं।

ऑस्प्रे वी-22 हेलीकॉप्टर्स बंद करने का फैसला

अमेरिकी सेना ने घोषणा की है कि उसने ऑस्प्रे वी-22 हेलीकॉप्टर्स की उड़ान को बंद करने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पहले ही जापान के तट पर ऑस्प्रे एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया था, जिसमें एयर फोर्स ऑपरेशंस कमांड सर्विस के आठ सदस्यों की मौत हो गई थी। जापान के तट पर हुए हादसे के बाद हुई जांच के बाद अमेरिका की सेना, वायुसेना और नौसेना ने ऑस्प्रे एयरक्राफ्ट की सैंकड़ों विमानों वाली फ्लीट की उड़ान पर प्रतिबंध लगा दिया है। पिछले कुछ समय में ऑस्प्रे विमान कई हादसों के शिकार हो चुके हैं, जिसके बाद इन विमानों में सेफ्टी को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। हादसों के बाद जापान ने भी अपने 14 ऑस्प्रे विमानों की उड़ान पर प्रतिबंध लगा दिया है।

मेटा ने चीन में बने 4,700 से अधिक फर्जी खाते किए बंद

फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप की कंपनी मेटा ने एक बड़ा दावा किया है कि चीन, भारत और अमेरिका में अपने फर्जी खातों के माध्यम से चुनावों पर नकारात्मक असर डालने की कोशिश कर रहा है। ऐसे अनेक खाते मेटा ने खत्म किए हैं। मेटा के अनुसार, ये खाते लोगों को भ्रम में डालने वाली जानकारियां फैला रहे थे। मेटा कंपनी के इस बड़े खुलासे से चीन की एक और साजिश से पर्दा हटा है। इस कम्युनिस्ट देश पर तो कई सरकारों की जासूसी के आरोप कई बार लग ही चुके हैं। तथ्य भी सामने आते रहे हैं। लेकिन अब सोशल मीडिया में उसकी हरकत पर बड़ी कार्रवाई से ड्रैगन की शैतानी मंशाओं से पर्दा उठ गया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म कंपनी की पिछले दिनों आई तीन माह की रिपोर्ट में बताया गया है कि कंपनी ने चीन में बने 4,700 से अधिक फर्जी खातों के एक पूरे समूह को तहस-नहस कर दिया है। ये ऐसे खाते थे जो खुद को दिखाते तो अमेरिकी और भारतीय ही थे लेकिन इनका काम सिर्फ और सिर्फ गलत जानकारियां प्रसारित करना ही था।

(स्रोत: संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

राष्ट्रपति ने लक्ष्मीपत सिंघानिया-IIM लखनऊ में दिये राष्ट्रीय लीडरशीप पुरस्कार

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने लक्ष्मीपत सिंघानिया-आईआईएम लखनऊ में राष्ट्रीय लीडरशीप पुरस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने की आपाधापी ने मानवता को नुकसान पहुंचाया है। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय गड़बड़ी उसी का परिणाम है। आज पूरा विश्व इस चुनौती से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि लाभ अधिक से अधिक बढ़ाने की अवधारणा पश्चिमी संस्कृति का एक हिस्सा हो सकती है लेकिन भारतीय संस्कृति में इसे प्राथमिकता नहीं दी गई है।

तकनीकी कंपनियों का नेतृत्व

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे युवा स्वरोजगार की संस्कृति को अपना रहे हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। भारत विश्व के सर्वश्रेष्ठ यूनिकॉर्न हब में शामिल है।

विकसित राष्ट्र बनाने के बनाएं पाठ्यक्रम

राष्ट्रपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सभी पक्षों को प्रबंधन शिक्षा से जोड़ा जाना चाहिए। जो न आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जानता है और इसका सही इस्तेमाल करता है, उसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण नौकरी खोने का भय नहीं होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आईआईएम लखनऊ जैसे संस्थानों को भी अमृत काल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम बनाना चाहिए।

— आईएमओ ने दो वर्ष तक समुद्री व्यापार से जुड़े फैसले लेने का भारत को दिया अधिकार —

अंतर्राष्ट्रीय समुद्री व्यापार पर भारत की सफलता

अंतर्राष्ट्रीय समुद्री व्यापार में सबसे बड़े हित पर फैसले लेने के लिए भारत दो साल के लिए चुना गया है। अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) की परिषद् में भारत को 2024-2025 के लिए चुना गया। रिपोर्ट के अनुसार, भारत को अब तक का सबसे बड़ा समर्थन मिला है। भारत के अलावा कई और देश भी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री व्यापार की श्रेणी में चुने गए हैं। दो साल के कार्यकाल के लिए चुने गए भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, स्पेन, स्वीडन और संयुक्त अरब अमीरात को भी 'अंतर्राष्ट्रीय समुद्री व्यापार में सबसे बड़े हित' की श्रेणी के तहत चुना गया। असेंबली में सभी देश समुद्री व्यापार के अलग-अलग पहलुओं पर मंथन करते हैं। जरूरत पड़ने पर असेंबली नियम और शर्त भी बनाती है।

33वीं असेंबली लंदन में आयोजित

आईएमओ की 33वीं असेंबली लंदन में आयोजित हुई। 27 नवंबर से 6 दिसंबर, 2023 तक लंदन स्थित आईएमओ मुख्यालय में हुई बैठक में कई बड़े देश शामिल हुए। सभी 175 सदस्य देश और तीन एसोसिएट सदस्य इस बैठक में हिस्सा लेते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) की परिषद् में शामिल सदस्य

आईएमओ में चुने जाने पर भारत सरकार की प्रतिक्रिया

भारत के चुने जाने पर केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि दुनिया की शीर्ष समुद्री ताकतों में शामिल होने की दिशा में भारत के प्रयास जारी हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को दुनिया भर से अपार राजनयिक लाभ मिला है।

समुद्री उपस्थिति की मजबूती का प्रयास

अमृत काल विजन 2047 के तहत भारत की वैश्विक समुद्री उपस्थिति को मजबूत करने के प्रयास भी किए जाने हैं। इसके लिए भी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। अमृत काल विजन 2047 एक्शन प्लान के हिस्से के रूप में 43 पहलुओं की पहचान की गई है। इनमें से प्रमुख पहल देश की वैश्विक समुद्री उपस्थिति को मजबूत करने पर केंद्रित हैं।

अभूतपूर्व समर्थन के पीछे 'वसुधैव कुटुंबकम' की भूमिका

केंद्रीय मंत्री श्री सोनोवाल ने कहा कि दुनिया के शीर्ष समुद्री निकाय में भारत के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के हमारे प्रयास को दुनिया भर से समर्थन मिला है। उन्होंने भारत के समर्थन के पीछे प्रधानमंत्री श्री मोदी की तरफ से दोहराए जाने वाले सिद्धांत- 'वसुधैव कुटुंबकम' की भूमिका का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा हम भारत के पक्ष में अभूतपूर्व समर्थन से अभिभूत हैं।

सांस्कृतिक विरासत को विशिष्ट पहचान

अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर (आईसीएच) की सुरक्षा के लिए अंतर सरकारी समिति की 18वीं बैठक के दौरान 2003 के कन्वेंशन के प्रावधानों में यूनेस्को ने गुजरात के गरबा को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया है। यह बैठक बोत्सवाना के कसाने में 5 से 9 दिसंबर, 2023 तक चली। गुजरात का गरबा

यूनेस्को ने 'गुजरात के गरबा' को अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया

नृत्य इसमें शामिल होने वाला भारत की 15वीं धरोहर (आईसीएच) है। यह उपलब्धि सामाजिक और लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने वाली एकीकृत शक्ति के रूप में गरबा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। एक नृत्य शैली के रूप में गरबा धार्मिक और भक्ति की जड़ों में समाया हुआ है। गरबा समुदायों को साथ लाने वाली एक जीवंत परंपरा है। यह हमारी अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की सुरक्षा, प्रचार और संरक्षण के प्रति भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की प्रतिबद्धता और प्रयासों पर प्रकाश डालती है।

पाकिस्तान के मित्र चीन ने दिया झटका

चीन पहला देश बना जिसने तालिबानी सरकार को दी मान्यता

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पिछले दिनों घोषणा की कि चीन ने बीजिंग में उसके राजदूत को औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। इसके बाद चीन, तालिबान राजदूत की मेजबानी करने वाला पहला देश बन गया है। इसके अलावा चीन दुनिया का पहला ऐसा देश है, जिसने तालिबानी सरकार को वैध सरकार के रूप में घोषित किया है, इससे पाकिस्तान को जरूर झटका लग सकता है। क्योंकि तालिबान और पाकिस्तान के रिश्ते बेहतर नहीं हैं। वहीं चीन, पाकिस्तान का आयरन ब्रदर कहलाता है। इस तरह के समीकरण कहीं-न-कहीं पाकिस्तान के लिए चिंता का सबब बन सकता है।

तालिबानी राजदूत ने चीन को दिया आश्वासन

तालिबान के विदेश मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि चीनी विदेश मंत्रालय के प्रोटोकॉल विभाग के महानिदेशक हांग लेई ने नवनियुक्त राजदूत असदुल्ला बिलाल करीमी से परिचय पत्र की प्रति स्वीकार की, हॉंग ने करीमी के आगमन को बीजिंग और काबुल के बीच सकारात्मक संबंधों को और मजबूत करने एवं विस्तारित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। हॉंग ने एक बैठक में कहा कि चीन राष्ट्रीय संप्रभुता और अफगानिस्तान के लोगों के फैसलों का सम्मान करता है।

जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूची में सातवें पायदान पर भारत

दुबई में आयोजित वैश्विक जलवायु वार्ता के दौरान जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूची जारी हुई। सूची में भारत ने एक पायदान की बढ़ोत्तरी की है। सूची के अनुसार, भारत

पिछली रिपोर्ट की तुलना में बेहतर प्रदर्शन

जलवायु परिवर्तन को लेकर गंभीर है और अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। सम्मेलन में जारी हुई रिपोर्ट के मुताबिक भारत सूची में सातवें स्थान पर है। भारत पिछली बार जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में आठवें स्थान पर था। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती होने की वजह से भारत को उच्च रैंकिंग मिली है। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। बावजूद इसके यहां प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च अध्ययन

वर्ष 2023 में वीजा आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या घटी

एक समय था जब भारत के छात्र उच्च अध्ययन के लिए कनाडा जाने की जबरदस्त चाह रखते थे। दूतावास के बाहर वीजा के लिए आवेदकों की लंबी कतारें दिखती थीं। लेकिन वक्त बदल गया है। अब ऐसा नहीं रहा। पढ़ने के लिए कनाडा जाने के दावेदारों में 40 फीसदी की गिरावट आई है। इसमें बहुत बड़ी वजह है, भारत और कनाडा सरकारों के मध्य चल रहा विवाद। भारत के युवा जानते हैं कि कनाडा की सरकार जिस तरह का बर्ताव कर रही है और जिस तरह बिना तथ्य के भारत पर दोषारोपण कर रही है। कनाडा में पिछले कुछ समय से

दिक्कतों का सामना करना पड़ा

कनाडा के बुनियादी ढांचा तथा समुदाय मंत्री सीन फ्रेजर ने पिछले दिनों यह कहा था कि देश में दाखिला लेने के लिए बाहर आने वाले छात्रों की सीमा तय करनी होगी। उनके कहने का आशय यह था कि आजकल कनाडा खुद आवास को लेकर संकट के दौर से गुजर रहा है। आबादी और आवास में बहुत ज्यादा फर्क आ चुका है। लोग ज्यादा हैं, लेकिन रहने को घर पूरे नहीं हैं।

अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के साथ बुरा बर्ताव देखने में आया था। एक रिपोर्ट बताती है कि दूसरे देशों से वहां पढ़ने गए कई छात्रों ने अपने साथ वहां हुए बुरे बर्ताव के बारे में सोशल मीडिया पर अनेक बातें साझा की हैं।

पहले के मुकाबले 40 फीसदी कम

साल 2023 के बाद के छह महीनों में जो आंकड़े सामने आए हैं वे इस गिरावट का खुलासा करते हैं। कनाडा में पढ़ने के इच्छुकों की कम अर्जियां कनाडा दूतावास को भी हैरान किए हुए हैं। 2022 में जुलाई से अक्टूबर के मध्य पढ़ने के लिए कनाडा के परमिट की मांग करने वाले 145,881 आवेदक थे तो अब 2023 के इसी कालखंड में यह संख्या महज 86,562 रह गई यानी पहले के मुकाबले 40 फीसदी कम।

छात्रों ने बुरे बर्ताव के बारे में बताया

आवेदकों की संख्या में आ रही इस कमी की वजह यह भी मानी जा रही है कि कनाडा में पिछले कुछ समय से अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के साथ बुरा बर्ताव देखने में आया था। एक रिपोर्ट से सामने आई जानकारी के अनुसार दूसरे देशों से वहां पढ़ने गए हुए अनेक छात्रों ने अपने साथ वहां हुए बुरे बर्ताव के बारे में सोशल मीडिया पर अनेक बातें साझा की हैं।

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- मनीष सिंह, मुद्रक- मनीष सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।